हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, रविवार, 29 जून 2025 अंक 255/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या डायबिटीज से परेशान हो ?

डायबेटीज चेकअप करके

पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक

द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# अंतरिक्ष से भारत सच में बहुत भव्य दिखता है


## पीएम मोदी से बातचीत में बोले आईएसएस पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा कि आज आप हमारी मातृभूमि से दूर हैं, लेकिन आप भारतीयों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभारंभ भी है। उन्होंने पूछा कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है? इस पर शुभांशु शुक्ला ने कहा, 'जब पहली बार अंतरिक्ष से भारत को देखा तो भारत बहुत भव्य दिखता है। यह मैप में देखने से बहुत बड़ा है। अंतरिक्ष से ऐसा लगता है जैसे कि पूरी पृथ्वी अपनी है और कहीं पर कोई बॉर्डर नहीं है।'

पीएम मोदी ने कहा, 'इस समय सिर्फ हम दोनों ही बात कर रहे हैं, लेकिन 140 करोड़ भारतीयों की भावनाएं भी मेरे साथ हैं। मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग है।

मैं आपको अंतरिक्ष में हमारा झंडा फहराने के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। क्या वहां सब ठीक है? क्या आप ठीक हैं?' ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा, 'पीएम मोदी,



आपकी और 140 करोड़ भारतीयों की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।

मैं यहां ठीक और सुरक्षित हूं। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक नया अनुभव है। यह यात्रा सिर्फ मेरी नहीं बल्कि पूरे देश की यात्रा है। आपके नेतृत्व में आज का भारत अपने सपनों को पूरा करने के लिए कई अवसर प्रदान करता है। मैं यहां भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।'

**'पृथ्वी माता की परिक्रमा का सौभाग्य मिला'** : प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि परिक्रमा करना भारत की सदियों पुरानी परंपरा है। आपको तो पृथ्वी माता की परिक्रमा का सौभाग्य मिला है। पीएम मोदी ने कहा, 'शुभांशु, चंद्रयान की सफलता के बाद देश के बच्चों और युवाओं में विज्ञान को लेकर एक नई रुचि पैदा हुई।

अंतरिक्ष को एक्सप्लोर करने का जज्बा बढ़ा। अब आपकी ये ऐतिहासिक यात्रा उस संकल्प को और मजबूती दे रही है। आज बच्चे सिर्फ आसमान नहीं देखते, वे ये सोचते हैं कि मैं भी वहां पहुंच सकता हूं। यही सोच, यही भावना हमारे भविष्य के स्पेस मिशन की असली बुनियाद है।'

### अंतरिक्ष की परिस्थितियों के बारे में क्या बताया

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने उनसे अंतरिक्ष की परिस्थितियों और उनके साथ तालमेल बिठाने के तरीके के बारे में पूछा। इस पर शुभांशु शुक्ला ने कहा, 'यहां सब कुछ अलग है। हमने एक साल तक ट्रेनिंग की और अलग-अलग सिस्टम के बारे में सीखा। लेकिन यहां आने के बाद सब कुछ बदल गया। यहां छोटी-छोटी चीजें भी अलग हैं क्योंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण नहीं है। यहां सोना एक बड़ी चुनौती है। इस माहौल में ढलने में थोड़ा समय लगता है।'

### करीब 60 वैज्ञानिक प्रयोग किये जाएंगे

शुभांशु शुक्ला 25 जून को नासा के फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार हुए। उन्होंने एकसिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा शुरू की। यह यात्रा भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि 41 वर्षों के बाद शुभांशु शुक्ला पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने, जो आईएसएस पर पहुंचे। राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले वह दूसरे भारतीय हैं। आईएसएस पर अपने 14 दिन के प्रवास के दौरान शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम लगभग 60 वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे, जिनमें इसरो की ओर से डिजाइन किए गए 8 प्रयोग शामिल हैं। इनमें माइक्रोएल्गी और सलाद के बीज उगाने जैसे अध्ययन शामिल हैं।

### आईएसएस से बहुत भव्य दिखता है भारत : शुभांशु

शुभांशु शुक्ला ने कहा, "हम यहां एक दिन में 16 बार सूर्योदय और सूर्यास्त देखते हैं. यहां से भारत बहुत भव्य दिखता हैं." उन्होंने कहा कि यह तो सिर्फ एक सीढ़ी है, लेकिन भारत को दौड़ रहा है.

# 18 अवैध बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

## > 5 ट्रांसजेंडर भी शामिल

**नई दिल्ली.**

उत्तर-पश्चिम जिले की विदेशी सेल ने अवैध रूप से रह रहे 18 बांग्लादेशियों को पकड़ा है, जिसमें पांच ट्रांसजेंडर के रूप में रह रहे थे। इनके कब्जे से पुलिस ने सात फोन बरामद किए हैं, जिसमें प्रतिबंधित आईएमओ एप डाउनलोड था। एप की मदद से वह बांग्लादेश में रहने वाले अपने रिश्तेदारों से बातचीत करते थे।

जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सिकंदर सिंह ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस टीम ने इन दिनों अशोक विहार स्थित 100 झुग्गियों और 150 गलियों की गहन जांच की। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की गई। पहले तो उसने खुद को पश्चिम बंगाल का नागरिक बताया, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बांग्लादेशी नागरिक होने की बात कबूल ली।

उसके निशानदेही पर पुलिस ने उसके परिवार के कुल 13 सदस्यों को पकड़ लिया। इसमें 10 वयस्क और 3 बच्चे शामिल थे। यह बिना किसी दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे। वहीं, पुलिस ने इसी इलाके से ट्रांसजेंडरों के भेष में ट्रैफिक सिग्नल पर पैसे मांगने वाले वाले पांच बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। सभी महिलाओं जैसे दिखने के लिए भारी मेकअप, साड़ी, सलवार सूट, नकली बाल, चूड़ियां, बिंदी लगाकर रखते थे।

# दिल्ली सरकार मौजूदा शराब नीति जारी रखने के पक्ष में

## कैबिनेट ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

**नई दिल्ली.**

दिल्ली सरकार ने राजधानी में शराब बिक्री के लिए मौजूदा आबकारी नीति को आगामी 1 जुलाई से 31 मार्च-2026 तक जारी रखने की शुक्रवार को मंजूरी दे दी। आबकारी उपायुक्त तनवीर अहमद की ओर से आज जारी आदेश के मुताबिक पिछले वर्षों के आधार पर ही इस बार भी लाइसेंस का नवीनीकरण किया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि आवेदन दाखिल करने की अवधि के आधार पर नवीनीकरण शुल्क तय किया जाएगा। 30 दिनों के भीतर आवेदन दाखिल किए जाने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा, जबकि 60 दिनों की देरी होने पर 25 प्रतिशत और 60 दिनों से अधिक की देरी होने पर 100 फीसदी अतिरिक्त शुल्क देना होगा। जानकारी के अनुसार, दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपनी आबकारी नीति (शराब नीति) को आगे बढ़ा दिया है। हालांकि, राजधानी में शराब व्यापार को विनियमित करने के लिए एक नई व्यवस्था लाने पर काम चल रहा है। दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग द्वारा गुरुवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि लाइसेंसिंग वर्ष 2022-23 (जिसे 2023-24 और 2024-25 में जारी रखा गया था) से लागू आबकारी शुल्क आधारित



व्यवस्था को आबकारी वर्ष 2025-26 के लिए जारी रखने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा मंजूरी दे दी गई है। आदेश में कहा गया है कि मौजूदा नीति को 1 जुलाई से 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाया जाएगा। मौजूदा नीति की शर्तों और आनुपातिक लाइसेंस फीस के भुगतान के आधार पर थोक लाइसेंस दिए जाएंगे। आदेश में कहा गया है, "इसके अलावा, हर साल रिन्यू होने वाले सभी लाइसेंस की शर्तें आबकारी वर्ष 2025-26 के लिए भी जारी रहेंगी।"मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही में अधिकारियों को 30 जून तक नई आबकारी नीति का मसौदा प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

अधिकारियों ने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक नई नीति लाना है जो पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण शराब की आपूर्ति सुनिश्चित करे और इसके लिए राजस्व उत्पन्न करें मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता वाली एक हाई लेवल कमेटी अन्य राज्यों की नीतियों का अध्ययन करके नई नीति का मसौदा तैयार कर रही है।

# सामूहिक दुष्कर्म की जांच : 5 सदस्यीय एसआईटी गठित

**कोलकाता.**

कोलकाता पुलिस ने लॉ की प्रथम वर्ष की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले में शनिवार (28 जून) को एक पांच सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है. यह एसआईटी एसीपी प्रदीप कुमार घोषाल के नेतृत्व में मामले की जांच करेगी.

वहीं, इस मामले में एक अधिकारी ने जानकारी दी है कि शनिवार (28 जून) को ही कोलकाता पुलिस ने कॉलेज के एक सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है. इसके साथ ही, कॉलेज परिसर के सुरक्षा गार्ड कक्ष में हुई इस वारदात के सिलसिले में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर चार हो गई है. अधिकारी ने कहा, "पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए सुरक्षा गार्ड को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया." उन्होंने कहा, ''हमने आज सुबह सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है, क्योंकि उसके जवाब



अस्पष्ट थे. सीसीटीवी फुटेज से कॉलेज में उसकी मौजूदगी का पता चला था.''अधिकारी ने कहा, "गार्ड अपनी ड्यूटी निभाने में विफल रहा और पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या उस समय वह ड्यूटी पर अकेला था."

उल्लेखनीय है कि यह भयानक घटना बुधवार (25 जून) की शाम को साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में हुई थी. इस मामले में गिरफ्तार सुरक्षा गार्ड के संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ''गार्ड ने इस बात का स्पष्ट जवाब नहीं दिया कि उसने उचित कार्रवाई क्यों नहीं की और तीनों आरोपियों को अपराध करने से क्यों नहीं रोका. इसके साथ ही, उसे यह भी बताना होगा कि वह क्यों और किसके निर्देश पर अपना कमरा छोड़कर गया. यह भी अपराध में एक तरह की संलिप्तता है.'' वहीं, पीड़िता ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि सुरक्षा गार्ड ने उसकी मदद नहीं की थी. पीड़िता ने कहा कि 25 जून की रात करीब 7:30 बजे से लेकर 10:30 बजे तक उसके साथ यह सब हुआ. इस मामले में शामिल तीन अन्य आरोपियों को गुरुवार (26 जून) को गिरफ्तार किया गया था. कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पीड़िता की मेडिकल जांच में सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि हुई है. 24 साल की छात्रा एक परीक्षा के लिए फॉर्म भरने कॉलेज गई थी और काम पूरा होने के बाद भी उसे यूनियन रूम में ही रहने के लिए मजबूर किया गया था.

# मानसून में अब तक 31 लोगों की गई जान

**शिमला.**

हिमाचल प्रदेश में मानसून की भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है. राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार हिमाचल में 20 जून को मानसून आने के बाद से 27 जून तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है. 4 लोग लापता हैं, जबकि 66 लोग घायल हुए हैं. इसमें सांप के काटने, डूबने, सड़क हादसों के अलावा पानी में बहे लोगों के आंकड़े भी शामिल हैं. भारी बारिश से प्रदेश को सप्ताह में ही 29.16 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है.

सबसे ज्यादा नुकसान लोक निर्माण विभाग को 2 करोड़ 743.40 लाख रुपये का हुआ है. 6 घर पूरी तरह से तबाह हो गए हैं जबकि 8 क्षतिग्रस्त हुए हैं. 7 दुकानें और 8 गौशालाएं को भी पानी बहा कर ले गया है. जिनमें 37 पशु पक्षी भी बहे हैं. प्रदेश भर में 53 सड़कें यातायात के लिए बंद हो चुकी हैं. इसके साथ ही 135 बिजली ट्रांसफार्मर और 147 पेयजल योजनाएं ठप होने से हजारों लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है.

# एयर इंडिया ने 4 कर्मचारियों से मांगा इस्तीफा

## > अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 8 दिन बाद मनाया था जश्न

**नई दिल्ली.**

एअर इंडिया ने अपने ग्राउंड हैंडलिंग वेंचर एआईएसएटीएस के 4 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा है। ये कार्रवाई इनकी एक पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद की गई। इन कर्मचारियों ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के 8 दिन बाद यह पार्टी की थी।

एअर इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'अहमदाबाद प्लेन हादसे की दुखद घटना से प्रभावित परिवारों के साथ हम पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। वायरल वीडियो में कर्मचारियों का व्यवहार है, यह हमारी कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ



है। हमने जिम्मेदार लोगों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।'

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि एअर इंडिया के स्टाफ ने 20 जून को एआईएसएटीएस के गुरुग्राम ऑफिस में पार्टी की थी।

ये खबर वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने इन कर्मचारियों को निंदा की। कहा कि एअर इंडिया के प्लेन क्रैश के बाद कोई जश्न कैसे मना सकता है। यूजर एअर इंडिया की संवेदनशीलता पर सवाल उठा रहे थे। इस दौरान एयरलाइन को ट्रोल भी किया गया। अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है। डीजीएसई ने 21 जून को एअर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया था। इनमें डिविजिनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लॉनिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल थे।

# वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन को लेकर चिराग पासवान का तेजस्वी पर हमला

**नई दिल्ली.**

वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन मामले पर तेजस्वी यादव लगातार एनडीए पर हमला कर रहे हैं और चुनाव आयोग को एनडीए के इशारे पर चलने की बात कह रहे हैं. इसे लेकर लोक जनशक्ति रामविलास पासवान के सुप्रीमो चिराग पासवान ने आरजेडी पर बड़ा तंज कसते हुए कहा कि यह तो जानकारी लेने की चीज है, लेकिन यह पढ़ाई लिखाई का काम है, लेकिन वे और उनकी पार्टी तो पढ़ाई लिखाई से दूर रहती है.

चिराग पासवान ने कहा कि रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट 1950



के तहत यह प्रोसेस समय-समय पर अपनाया जाता है. यह होना चाहिए, क्योंकि इससे फर्जी गिरी नहीं होती है. जो मतदाता का निधन हो गया वह भी वोटर लिस्ट में रहते हैं ऐसे में उनके जगह पर दूसरे लोग वोट देने जाते हैं और जो सही मतदाता होते हैं वह वोट नहीं डाल पाते हैं. इसलिए यह प्रक्रिया बिल्कुल सही है, जिनको इस प्रक्रिया से दिक्कत हो रही है. उनको पहले से ही डर होने लगा है कि हम हार जाएंगे, इसलिए वह पहले से बहाना ढूंढ रहे हैं. जब नवंबर में रिजल्ट आएगा तो इनको कोई ना कोई बहाना तो मिलना चाहिए. जनता के सामने रखने के लिए ईवीएम पर तो पहले से यह लोग सवाल उठाते रहे हैं तो अब इनको एक और बहाना मिल गया है. यह लोग चुनाव आयोग पर ठीकरा फोड़कर अपनी जवाबदेही से पल्ला झाड़ना चाहते हैं.

वोटरों की समस्या पर तेजस्वी यादव द्वारा उठाया गया सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि जानकारी तो वह ले. उसके लिए जानकारी लेनी जरूरी होती है, इसमें आपको या सभी नेता को तत्परता दिखानी होगी.

# ऑपरेशन सिंदूर: भारतीय सेना ने नागरिकों के बलिदान को सलाम किया

## > राजौरी-पुंछ में एकता की मिसाल

**जम्मू.**

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान व्यक्तिगत नुकसान से विचलित हुए बिना राजौरी और पुंछ के उन नागरिकों का सम्मान किया जिन्होंने सुरक्षा बलों से हाथ मिलाया और इस ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए अथक परिश्रम किया. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनके अपार योगदान के लिए विभिन्न क्षेत्रों से 25 प्रमुख व्यक्तियों को सम्मानित किया गया.

वीरता, देशभक्ति की अपनी समृद्ध परंपरा को जारी रखते हुए, जैसा कि 1948, 1965 और 1971 के पहले के युद्धों में दिखाया गया है और व्यक्तिगत नुकसान से विचलित हुए बिना राजौरी और पुंछ की आवाम ने हाथ मिलाया और सशस्त्र बलों के साथ अथक परिश्रम किया और ऑपरेशन सिंदूर के अंत में विजयी हुई. भारतीय सेना के ऐस ऑफ स्पेड्स डिवीजन ने राजौरी में बहादुर नागरिकों को सम्मानित करने के लिए एक हार्दिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया, जिन्होंने सामान्य स्थिति बहाल करने में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. राजौरी, पुंछ, मेंढर, कृष्णा घाटी, मंजाकोट और नौशेरा के स्थानीय लोगों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में हताहतों को निकालने, मानवीय और बचाव कार्यों में मदद की.

**'राज कुमार थापा सहित अपने प्राणों की आहुति दी'** : कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजर जनरल कौशिक मुखर्जी, जनरल ऑफिसर कमांडिंग ऐस ऑफ स्पेड्स डिवीजन ने की. कार्यक्रम की शुरुआत में एक वीडियो दिखाया गया जिसमें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में सशस्त्र बलों और स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयास और योगदान को दिखाया गया, इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर उन लोगों को श्रद्धांजलि दी गई जिन्होंने एडीडीसी राजौरी, राज कुमार थापा सहित अपने प्राणों की आहुति दी.

### 'नागरिक सुरक्षा अभ्यासों के माध्यम से समर्थन वास्तव में सराहनीय था'

अपने संबोधन में जनरल ऑफिसर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य अभियान नहीं था, यह एक राष्ट्रीय दावा था कि भारत अपने नागरिकों की रक्षा करेगा, निश्चित संकल्प और सटीकता के साथ खतरों और कृत्यों को खत्म करेगा. उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने अनुकरणीय योगदान के लिए सभी नागरिकों की सराहना की, जिन्होंने देश को उस समय महत्वपूर्ण समर्थन दिया जब इसकी सबसे अधिक आवश्यकता थी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि समाज का ताना-बाना टूट न जाए.



बीसीएन एवं बीटीपी ग्रुप के संस्थापक

मा. सिराजभाई शेख

इनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में

बीसीएन, बीटीपी ग्रुप एवं कारा फाउंडेशन के तरफ से

नि:शुल्क चष्मे, मोतीयाबिंदू ऑपरेशन, आरोग्य शिबीर

रविवार दि. २९ जुन २०२५ को सुबह ९.३० से दोपहर १ बजे तक

स्थल : संत गुलाब बाबा आश्रम, सिरासपेठ, महल, नागपुर

शिबिर की अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे: संजय लहाने मो. 9579369253

फ्री आँखो की जांच | फ्री मोतियाबिंद ऑपरेशन | जनरल जांच | फ्री डेंटल जांच

साथकि

स्व. भानुताई गडकरी ग्रामीण विकास संस्था

nelson hospital

Luminous Dental Care Dr. Aditya Kawane Cell No.: 9112002604

in BCN NEWS DIGITAL 24X7 | हिंदी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार | BTP Group | KARA FOUNDATION | महाराष्ट्र NEWS 24/7 | Tickat

प्रशांत बडनाके मो. 9730005615, इमरान शेख मो. 9730005662, स्वप्नील बुंधाडे मो. 8482817786

* आयोजक *

श्री संत गुलाब बाबा आश्रम सेवाआश्रम नागपुर

# ट्रेन टिकट से लेकर एटीएम तक

## > 1 जुलाई से होंगे 4 बड़े बदलाव!

**नई दिल्ली.**

जुलाई 2025 की शुरुआत के साथ कई बड़े नियम बदलने जा रहे हैं, जिनका सीधा असर आम आदमी की जेब और रोजमर्रा की ज़िंदगी पर पड़ेगा. इनमें रेलवे टिकट बुकिंग से लेकर बैंकिंग सेवाओं तक कई अहम बदलाव शामिल हैं. आइए जानते हैं कि 1 जुलाई से किन नियमों में बदलाव हो रहा है. 1 जुलाई से भारतीय रेलवे टिकट किराये में बढ़ोतरी कर सकता है. नॉन- एसी डिब्बों के लिए किराया 1 पैसा प्रति किलोमीटर और एसी डिब्बों के लिए 2 पैसे प्रति किलोमीटर तक बढ़ोतरी हो सकती है. यह बढ़ोतरी छोटे सफर पर मामूली हो सकती है, लेकिन लंबी दूरी के यात्री प्रभावित हो सकते हैं.






### एलपीजी और जेट फ्यूल की कीमतों में संभावित बदलाव

हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां एलपीजी (रसोई गैस) और एविएशन फ्यूल की कीमतों की समीक्षा करती हैं. 1 जुलाई को भी एलपीजी की कीमतों में कटौती या वृद्धि संभव है. इसका असर सीधे घरेलू बजट पर पड़ेगा.इन सभी बदलावों का मकसद व्यवस्था को पारदर्शी और डिजिटल रूप से सुरक्षित बनाना है, लेकिन साथ ही यह आम आदमी की जेब पर दबाव भी बढ़ा सकते हैं. इसलिए 1 जुलाई से पहले अपनी योजना और बजट की समीक्षा जरूर कर लें.

टिकट दलालों पर नकेल कसने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आईआरसीटीसी ने तत्काल टिकट बुकिंग प्रक्रिया को सुरक्षित बनाया है. 1 जुलाई से केवल आधार वेरिफाइड यूजर्स को तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति. 15 जुलाई से टिकट बुकिंग के दौरान ओटीपि आधारित आधार सत्यापन अनिवार्य. एजेंट्स को बुकिंग शुरू होने के 30 मिनट बाद ही तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति होगी.इससे आम यात्रियों को टिकट पाने का बेहतर मौका मिलेगा.

# सैमसंग ने लॉन्च की 2025 बीस्पोके एआई होम अप्लायंसेज रेंज

**गुरुग्राम.**

सैमसंग ने भारत में अपनी नई 2025 बीस्पोके एआई अप्लायंसेज रेंज लॉन्च की है। ये स्मार्ट घरेलू उपकरण न सिर्फ दिखने में आकर्षक हैं, बल्कि तकनीकी रूप से भी बेहद उन्नत हैं।

इस रेंज में वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, डिशवॉशर, एयर कंडीशनर और माइक्रोवेव जैसे प्रोडक्ट शामिल हैं। खास बात यह है कि इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे ये खुद-ब-खुद आपके इस्तेमाल के तरीके को समझकर काम करने लगते हैं।

एआई होम स्क्रीन और बिस्बी वॉयस असिस्टेंट के ज़रिए इन डिवाइसेज़ को आप बोलकर चला सकते हैं। स्मार्टथिंग्स ऐप की मदद से आप घर से दूर रहते हुए भी अपने उपकरणों को कंट्रोल कर सकते हैं।




एआई एनर्जी मोड बिजली की खपत को कम करता है, जिससे आपके बिल में भी बचत होती है।

एआई विज़न इनसाइड जैसे फीचर खाने-पीने की चीज़ों की एक्सपायरी डेट को ट्रैक करते हैं और ज़रूरत पड़ने पर रेसिपी भी सजेस्ट करते हैं। इन अप्लायंसेज में सैमसंग क्नॉक्स सिक्योरिटी दी गई है, जो स्मार्टफोन जैसी सुरक्षा देता है। साथ ही, किसी तरह की खराबी या रिसाव की स्थिति में ये ऐप के ज़रिए आपको अलर्ट भी भेजते हैं।

सैमसंग ने खासतौर पर भारत के लिए अपना पहला बीस्पोके एआई लॉन्ड्री कॉम्बो™ भी पेश किया है, जो वॉशिंग और ड्राइंग दोनों काम एक ही मशीन में करता है। यह मशीन कपड़ों की गंदगी और लोड के हिसाब से वॉशिंग साइकल को अपने आप एडजस्ट कर लेती है। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ नबी पार्क ने कहा, "हमारा मकसद है कि भारतीय उपभोक्ताओं को ऐसे स्मार्ट होम समाधान मिलें, जो उनकी रोजमर्रा की ज़िंदगी को आसान, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएं।


# किस हाईवे पर है सबसे कम टोल?

**नई दिल्ली.**

एनएचएआई का राजमार्ग यात्रा ऐप जल्दी ही यह बताएगा कि किन्हीं दो स्थानों के बीच सबसे कम टोल वाला रास्ता कौन सा है. यह नई विशेषता अगले महीने से ऐप पर उपलब्ध होगी. एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी. राजमार्ग यात्रा ऐप यात्रियों को राष्ट्रीय राजमार्गों के बारे में व्यापक जानकारी देता है और उन्हें एक कुशल शिकायत निवारण प्रणाली भी प्रदान करता है.

भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी (आईएचएमसीएल) के कुशल परिवहन प्रणाली (आईटीएस) के मुख्य उत्पाद अधिकारी अमृत सिंह ने उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली से लखनऊ की यात्रा करने के लिए तीन रास्ते हैं और ऐप यात्रियों को सबसे अच्छा रास्ता चुनने में मदद करेगा.

सिंह ने कहा, "आप दिल्ली से यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ की यात्रा कर सकते हैं, या गाजियाबाद- अलीगढ़- कानपुर- लखनऊ के रास्ते जा सकते हैं या मुरादाबाद- बरेली- सीतापुर- लखनऊ के रास्ते यात्रा कर सकते हैं. ऐप वाहन चालकों को दिल्ली और लखनऊ के बीच सबसे कम टोल वाले रास्ते के बारे में बताएगा.उन्होंने एनएचएआई की अत्याधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणाली (एटीएमएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि दोपहिया और तिपहिया वाहन अवैध रूप से दिल्ली-गुड़गांव और द्वारका एक्सप्रेसवे पर प्रवेश कर रहे हैं. एटीएमएस के आंकड़ों के अनुसार, 21 जून से 23 जून के बीच 1.73 लाख उल्लंघन दर्ज किए गए और इनमें से एक लाख से अधिक प्रतिबंधित वाहनों से संबंधित थे.




सिंह ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के माध्यम से बांदीकुई को जयपुर से जोड़ने वाली 67 किलोमीटर लंबी सड़क खोलने की संभावना है, जिससे यात्रा का समय कम हो जाएगा.

एनएचएआई राजस्थान के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप अत्री ने कहा कि 1,368 करोड़ रुपये की लागत से बना यह नया चार लेन का खंड जुलाई के मध्य तक यातायात परीक्षण के लिए खुल सकता है.

# इंडियन इकोनॉमी को मिला बूस्ट

## > करंट अकाउंट डेफिसिट घटा, सरप्लस बना पॉजिटिव साइन

**नई दिल्ली.**




भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी-मार्च 2025 की तिमाही में भारत का करंट अकाउंट 13.5 बिलियन डॉलर के सरप्लस में रहा. ये इंडिया की जीडीपी का 1.3% है. पिछले साल की इसी तिमाही में ये सरप्लस सिर्फ 4.6 बिलियन डॉलर था. ये बढ़ोतरी इंडिया के लिए बड़ी अचीवमेंट है, क्योंकि आमतौर पर हमारा करंट अकाउंट डेफिसिट में रहता है.

इसका मतलब है कि इंडिया का एक्सपोर्ट बढ़ा है, इंपोर्ट कम हुआ है, या फिर सर्विसेज और रेमिटेंस से इनकम में इजाफा हुआ है. सरप्लस का मतलब है कि इंडिया ने जितना सामान और सर्विसेज इम्पोर्ट किए, उससे ज्यादा एक्सपोर्ट किया. साथ ही, विदेशों से मिलने वाली इनवेस्टमेंट इनकम (जैसे भारतीय इनवेस्टमेंट्स से प्रॉफिट) भी विदेश को किए गए पेमेंट्स से ज्यादा रही है.

चाइना की इकोनॉमी बड़े करंट अकाउंट सरप्लस के लिए जानी जाती है. चाइना दुनिया का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है, और उसकी इकोनॉमी एक्सपोर्ट पर डिपेंड करती है. बड़े सरप्लस की वजह से चाइना के फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व्स बढ़े हैं, जिससे वो ग्लोबल फाइनेंशियल मार्केट में बड़ा प्लेयर बना.

लेकिन, कुछ देश इसे अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस भी मानते हैं. इंडिया का सरप्लस अभी शुरुआती स्टेज में है और इसे मेंटेन करने के लिए ढेर सारी मेहनत चाहिए. अमेरिका का करंट अकाउंट ज्यादातर डेफिसिट में रहता है. इसका मतलब है कि वो जितना एक्सपोर्ट करता है, उससे ज्यादा इंपोर्ट करता है. अमेरिका की इकोनॉमी कंजम्पशन-बेस्ड है, जहां डोमेस्टिक डिमांड प्रोडक्शन से ज्यादा होती है, जिससे इंपोर्ट बढ़ता है.

आरबीआई की रिपोर्ट डेवलपमेंट्स इन इंडिया बैलेंस ऑफ पेमेंट्स बताती है कि जनवरी-मार्च 2025 में करंट अकाउंट 13.5 बिलियन डॉलर के सरप्लस में रहा है.

इसका असर सालाना डेटा पर भी दिखा है. साल 2024-25 में करंट अकाउंट डेफिसिट घटकर 23.3 बिलियन डॉलर जीडीपी का 0.6% रहा, जो पिछले साल 26 बिलियन डॉलर यानी जीडीपी का 0.7% था. ये इंडिया की इकोनॉमी के लिए पॉजिटिव साइन है.

# मिडिल क्लास अब क्यों नहीं खरीद सकता अपना घर?

**नई दिल्ली.**

भारत का मिडिल क्लास जो भी शहरों में नौकरी करता है. अपनी रोजी-रोटी के लिए गांव छोड़कर किराए के मकान में परिवार के साथ रहता है. उन सभी परिवारों का एक सपना आम होता है कि काश इतना पैसा जुटा लें कि इस शहर में अपना घर हो जाए. लेकिन क्या आपको पता है कि देश में अपना घर लेना बहुत कठिन हो गया है. कमाई की मुकाबले प्रॉपर्टी की कीमतें दो गुनी हो गई हैं. देश के लगभग सभी शहरों का यही हाल है. इस पर हाल में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई है. आइए आपको हम उसी रिपोर्ट के सहारे बताते हैं कि देश में प्रॉपर्टी की कीमतों की स्थिति असल में क्या है. आम आदमी के घर खरीदने का सपना क्यों नहीं पूरा हो सकता है?



अपने घर की अहमियत क्या होती है इस पर मशहूर शायर सलीम अहमद का एक शेर है कि दर-ब-दर ठोकरें खाईं तो ये मालूम हुआ घर किसे कहते हैं क्या चीज़ है बे-घर होना... लेकिन अभी जिस हिसाब से हाउसहोल्ड इनकम के मुकाबले घरों की कीमतें बढ़ रही हैं. इसमें घर खरीदना बहुत मुश्किल मालूम होता है. कुछ यूं कि घर बनाना या यूं कहें कि खरीदना किस तरह झमेले का काम हो गया है. ऐसी स्थिति पर रियाज़ मजीद ने लिखा है कि इक घर बना के कितने झमेलों में फंस गए, कितना सुकून बे-सर-ओ-सामानियों में था... इन शेरों से इतर जो हकीकत है वह मिडिल क्लास की जेब के लिए कतई मुफीद नहीं है. फिनोलॉजी रिसर्च डेस्क की ओर से जारी की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2020 और 2024 के बीच घरेलू आय 5.4% सीएजीआर से बढ़ी है. जबकि उसके मुकाबले संपत्ति की कीमतों में 9.3% सीएजीआर की बढ़ोतरी हुई. यानी कमाई के मुकाबले अफोर्डेबल हाउस की कीमतों में तेजी आई है.

# >इस शेयर ने निवेशकों को बना दिया मालामाल

## 12 पैसे से करोड़ों तक!

**नई दिल्ली.**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ, इजरायल-ईरान वॉर आदि के बाद जियो पॉलिटिकल टेंशन में इजाफे के कारण कारण भारतीय शेयर बाजार में हाल ही में काफी अस्थिरता देखी गई है. इससे निवेशकों के लिए ऐसे शेयर ढूंढना बहुत मुश्किल हो गया है जो इस तरह की उथल-पुथल का सामना कर सकें और अनुकूल रिटर्न दे सकें. वैसे एक शेयर है जिसने इस अस्थिरता को मात देने की कामयाब काशिश की है. निवेशकों की लगातार कमाई करा रहा है. इस मल्टीबैगर शेयर का नाम हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स है. हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स, जिसकी कीमत जून 2020 में 0.12 रुपए थी, अब बीएसइ पर 39.19 रुपए पर कारोबार कर रहा है. इसका मतलब है कि अगर किसी ने इस शेयर पर एक लाख रुपए का निवेश किया होगा तो उसकी वैल्यू मौजूदा समय में 3.27 करोड़ रुपए हो गई होगी. शुक्रवार को के कारोबारी सत्र में हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स के शेयर 38.50 प्रति शेयर पर खुला था और बाजार बंद होने के बाद करीब ढाई फीसदी की तेजी के साथ 39.19 रुपए पर देखने को मिला. इस पेनी स्टॉक ने पांच साल में 32,558 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी करके अपने लॉन्गटर्म इंवेस्टर्स को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है. हालांकि, मल्टीबैगर पेनी स्टॉक शॉर्ट टर्म इंवेस्टर्स को प्रभावित करने में विफल रहा है. पिछले एक साल में हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स के शेयरों में करीब 13 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है. इस बीच, छह महीनों में इस शेयर में 21 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है.

# इस आईपीओ को मिला जबरदस्त रिस्पॉन्स

## > टूट गया 4 साल का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली.**

एक बार फिर से आईपीओ मार्केट चर्चा में आ गया है. इसका कारण भी है. वो वजह है एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ, जोकि डेढ़ बिलियन डॉलर का आई है. जिस पर निवेशकों ने टूटकर खरीदारी की है. खास बात तो ये है कि डेढ़ बिलियन डॉलर के इस आईपीओ पर निवेशकों ने करीब 22 बिलियन डॉलर का दांव खेल दिया है. इसका मतलब है कि इस आईपीओ के लिए करीब 17 गुना सब्सक्रिप्शन देखने को मिला है. बीते 4 साल में बिलियन डॉलर के जितने आईपीओ आएं हैं, उनमें सबसे ज्यादा सब्सक्रिप्शन इस आईपीओ में देखने को मिला है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर शेयर बाजार से इस आईपीओ के लिए किस तरह के आंकड़े देखने को मिले हैं.




नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज ने एंकर (बड़े) निवेशकों से 3,369 करोड़ रुपये जुटाए. इस पेशकश के लिए मूल्य दायरा 700-740 रुपये प्रति शेयर है. मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर कंपनी का मूल्य करीब 61,400 करोड़ रुपये है. आईपीओ में 2,500 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयर के नए निर्गम और प्रवर्तक एचडीएफसी बैंक द्वारा 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है.

आखिरी बार इटरनल लिमिटेड के 1.4 बिलियन डॉलर के आईपीओ को 29 गुना से अधिक सब्सक्राइब किया गया था. वहीं पॉवरग्रिड इंफ्रा को 4.8 गुना, स्विगी को 3.6 गुना, एलआईसी को 3 गुना, हेक्सावेयर को 2.7 गुना, एनटीपीसी ग्रीन को 2.4 गुना और पेटीएम को 1.8 गुना का सब्सक्रिप्शन मिला था. खास बात तो ये है कि ये तमाम आईपीओ बीते 5 साल में बिलियन डॉलर के आईपीओ रहे हैं.

# पोस्ट ऑफिस में शुरू हुआ कैशलेस पेमेंट सिस्टम

**नई दिल्ली.**

भारत के पोस्टऑफिस अगस्त 2025 से अपने काउंटरों पर डिजिटल पेमेंट स्वीकार करना शुरू कर देंगे. यह सुविधा डाक विभाग के नए आईटी सिस्टम और एक खास एप्लिकेशन के लागू होने के बाद शुरू होगी. फिलहाल, डाकघर डिजिटल भुगतान स्वीकार नहीं कर पाते, क्योंकि उनके खाते यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से नहीं जुड़े हैं. लेकिन अब डाक विभाग अपने आईटी ढांचे को अपग्रेड कर रहा है. इस नए सिस्टम में एक ऐसा एप्लिकेशन होगा, जो क्यूआर कोड के जरिए लेन-देन को आसान बनाएगा. सूत्रों के अनुसार, अगस्त 2025 तक देश के सभी डाकघरों में यह सिस्टम पूरी तरह लागू हो जाएगा. इससे आम आदमी को भी फायदे की उम्मीद है.




### डिजिटल इंडिया मिशन को बढ़ावा

यह कदम डाकघरों को और अधिक आधुनिक और ग्राहक-अनुकूल बनाने में मदद करेगा. डिजिटल पेमेंट की सुविधा से ग्राहकों को नकदी ले जाने की जरूरत कम होगी,और लेन-देन तेजी से हो सकेगा. साथ ही, यह कदम भारत सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन को भी बढ़ावा देगा. डाक विभाग का यह प्रयास न केवल ग्राहकों के लिए सुविधाजनक होगा, बल्कि डाकघरों की कार्यक्षमता को भी बढ़ाएगा. अगस्त 2025 तक इस सुविधा के शुरू होने से देशभर के लाखों लोग डाकघरों में डिजिटल पेमेंट का लाभ उठा सकेंगे.

इस नई प्रणाली का परीक्षण कर्नाटक सर्कल में शुरू हो चुका है. मैसूर और बागलकोट के मुख्य डाकघरों और उनके अधीनस्थ कार्यालयों में क्यूआर कोड के जरिए मेल उत्पादों की बुकिंग सफलतापूर्वक की गई है. यह शुरुआती सफलता डाक विभाग के डिजिटल भुगतान की दिशा में एक बड़ा कदम है. पहले भी डाक विभाग ने डिजिटल लेनदेन शुरू करने की कोशिश की थी. इसके लिए डाकघरों के काउंटरों पर स्थिर क्यूआर कोड लगाए गए थे. लेकिन बार-बार होने वाली तकनीकी समस्याओं और ग्राहकों की शिकायतों के कारण यह सुविधा बंद करनी पड़ी. अब नए सिस्टम के साथ डाक विभाग इन समस्याओं को दूर करने की कोशिश कर रहा है.


**महाराष्ट्रलक्ष्मी विकली लॉटरी** — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — सोडत दर शनिवारी — तिकीट किंमत रु. 50/- — सोडत क्र. 26 — सोडत दिनांक 28/06/2025

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख — **ML-04 : 6667** — अंबिका एजन्सी - दादर, मुंबई (प्रिन्स एजन्सी - मुंबई यांचा मार्फत)

उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- — पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी — **6667** — बालाजी मार्केटिंग - नागपूर; श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1327 | 3821 | 4182 | 4212 | 6260 | 6329 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1785 | 2688 | 2928 | 4593 | 5177 | 5183 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1348 | 2899 | 3496 | 4272 | 4506 | 6236 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 2307 | 3025 | 5418 | 6491 | 6500 | 6785 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रु.100/- (सर्व मालिकांसाठी) | | 1837 | 2227 | 2707 | 3123 | 3533 | 3897 | 4452 | 4940 | 5465 | 5775 | 6201 | 6630 |
| | | 1861 | 2230 | 2709 | 3147 | 3538 | 3903 | 4456 | 4985 | 5475 | 5781 | 6205 | 6635 |
| 1007 | 1372 | 1879 | 2247 | 2722 | 3154 | 3547 | 3946 | 4457 | 4994 | 5486 | 5785 | 6229 | 6637 |
| 1012 | 1380 | 1882 | 2248 | 2724 | 3162 | 3548 | 3951 | 4459 | 4998 | 5502 | 5820 | 6231 | 6639 |
| 1018 | 1387 | 1893 | 2249 | 2728 | 3169 | 3550 | 3969 | 4460 | 5020 | 5520 | 5835 | 6235 | 6651 |
| 1061 | 1389 | 1901 | 2250 | 2737 | 3213 | 3565 | 4003 | 4470 | 5026 | 5527 | 5848 | 6239 | 6658 |
| 1075 | 1397 | 1910 | 2256 | 2742 | 3235 | 3575 | 4004 | 4473 | 5031 | 5537 | 5851 | 6254 | 6669 |
| 1081 | 1404 | 1911 | 2260 | 2750 | 3273 | 3576 | 4009 | 4481 | 5044 | 5543 | 5855 | 6268 | 6673 |
| 1083 | 1418 | 1945 | 2262 | 2752 | 3290 | 3578 | 4040 | 4489 | 5055 | 5549 | 5859 | 6271 | 6676 |
| 1087 | 1470 | 1952 | 2266 | 2769 | 3305 | 3579 | 4045 | 4491 | 5058 | 5552 | 5864 | 6272 | 6683 |
| 1113 | 1473 | 1970 | 2272 | 2782 | 3310 | 3583 | 4061 | 4498 | 5075 | 5561 | 5873 | 6277 | 6691 |
| 1119 | 1510 | 1974 | 2273 | 2787 | 3313 | 3589 | 4074 | 4532 | 5085 | 5563 | 5877 | 6290 | 6701 |
| 1121 | 1517 | 1975 | 2275 | 2788 | 3326 | 3600 | 4083 | 4567 | 5097 | 5565 | 5882 | 6308 | 6725 |
| 1124 | 1540 | 1991 | 2278 | 2822 | 3331 | 3602 | 4096 | 4577 | 5101 | 5566 | 5899 | 6338 | 6752 |
| 1126 | 1542 | 2021 | 2287 | 2823 | 3340 | 3631 | 4103 | 4628 | 5108 | 5572 | 5905 | 6378 | 6760 |
| 1128 | 1551 | 2022 | 2291 | 2824 | 3341 | 3633 | 4130 | 4633 | 5116 | 5583 | 5924 | 6390 | 6761 |
| 1129 | 1555 | 2023 | 2294 | 2829 | 3345 | 3639 | 4132 | 4646 | 5121 | 5586 | 5935 | 6441 | 6763 |
| 1130 | 1558 | 2044 | 2309 | 2842 | 3347 | 3643 | 4144 | 4647 | 5138 | 5587 | 5938 | 6445 | 6770 |
| 1140 | 1574 | 2060 | 2319 | 2846 | 3351 | 3673 | 4146 | 4650 | 5143 | 5598 | 5951 | 6462 | 6776 |
| 1141 | 1575 | 2080 | 2390 | 2862 | 3357 | 3700 | 4158 | 4654 | 5152 | 5599 | 5952 | 6468 | 6784 |
| 1151 | 1577 | 2093 | 2395 | 2870 | 3363 | 3710 | 4159 | 4672 | 5185 | 5610 | 5958 | 6471 | 6800 |
| 1161 | 1621 | 2098 | 2425 | 2878 | 3365 | 3715 | 4167 | 4704 | 5187 | 5616 | 5975 | 6486 | 6828 |
| 1171 | 1639 | 2101 | 2439 | 2880 | 3366 | 3751 | 4217 | 4710 | 5212 | 5620 | 5986 | 6496 | 6851 |
| 1178 | 1664 | 2112 | 2452 | 2882 | 3374 | 3764 | 4224 | 4730 | 5251 | 5640 | 5999 | 6518 | 6861 |
| 1180 | 1673 | 2114 | 2464 | 2890 | 3387 | 3781 | 4246 | 4742 | 5258 | 5657 | 6003 | 6525 | 6864 |
| 1195 | 1699 | 2119 | 2465 | 2965 | 3390 | 3783 | 4255 | 4744 | 5265 | 5659 | 6005 | 6526 | 6868 |
| 1197 | 1712 | 2121 | 2470 | 2978 | 3397 | 3787 | 4379 | 4746 | 5266 | 5669 | 6045 | 6556 | 6869 |
| 1211 | 1717 | 2122 | 2472 | 2979 | 3416 | 3788 | 4403 | 4753 | 5275 | 5676 | 6046 | 6558 | 6885 |
| 1220 | 1719 | 2162 | 2483 | 3030 | 3439 | 3791 | 4409 | 4774 | 5335 | 5678 | 6068 | 6562 | 6887 |
| 1257 | 1737 | 2197 | 2538 | 3048 | 3453 | 3793 | 4412 | 4780 | 5338 | 5705 | 6076 | 6573 | 6895 |
| 1280 | 1770 | 2206 | 2540 | 3064 | 3476 | 3803 | 4414 | 4794 | 5343 | 5746 | 6118 | 6584 | 6896 |
| 1289 | 1777 | 2218 | 2586 | 3068 | 3489 | 3829 | 4419 | 4831 | 5366 | 5748 | 6126 | 6604 | 6909 |
| 1291 | 1791 | 2219 | 2619 | 3086 | 3494 | 3858 | 4424 | 4845 | 5372 | 5750 | 6183 | 6606 | 6923 |
| 1297 | 1804 | 2220 | 2636 | 3093 | 3499 | 3881 | 4435 | 4865 | 5421 | 5753 | 6186 | 6608 | 6961 |
| 1344 | 1815 | 2223 | 2700 | 3115 | 3513 | 3893 | 4440 | 4867 | 5451 | 5754 | 6189 | 6615 | 6968 |
| 1367 | 1817 | 2224 | 2701 | 3121 | 3514 | 3894 | 4451 | 4873 | 5459 | 5771 | 6194 | 6617 | 6988 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.50/- — सोडत दिनांक 15-07-2025 — जिंका फक्त 5 अंकावर — पहिले सामाईक बक्षिस रु. 21 लाख — दुसरे बक्षिस रु. 5 लाख — तिसरे बक्षिस रु. 2,50,000/- (रु. 5 हजाराची 50 बक्षिसे)

महाराष्ट्रलक्ष्मी — सोडत दिनांक 28/06/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. — प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

**निकाल — गणेशलक्ष्मी समृद्धी विकली लॉटरी** — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — सोडत संध्या. 5:00

सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 26 • तिकीट किं. रु.10/- • सोडत दिनांक 28/06/2025

पहिले बक्षिस रु. 10000/- — **MG-01 : 2070**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — जिंकले — **4821** — श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई

तिसरे बक्षिस रु. 1000/- — 1766 | 3855 | 4030 | 5653 (हरी श्री लॉटरी सेंटर, नालासोपारा) | 7559 (महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर)

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 400/- | 2307 | 2827 | 3806 | 5052 | 5693 | 6301 | 6806 | 7898 |
| 1021 | 2382 | 3127 | 3973 | 5122 | 5733 | 6394 | 7019 | 7910 |
| 1471 | 2542 | 3133 | 4079 | 5151 | 5827 | 6405 | 7027 | 7923 |
| 1507 | 2602 | 3233 | 4144 | 5283 | 5842 | 6416 | 7042 | 8230 |
| 1541 | 2674 | 3439 | 4249 | 5455 | 5965 | 6646 | 7139 | 8603 |
| 1581 | 2692 | 3490 | 4426 | 5456 | 5970 | 6647 | 7497 | 8629 |
| 1962 | 2728 | 3637 | 4453 | 5542 | 6062 | 6689 | 7670 | 8898 |
| 2006 | 2734 | 3648 | 4463 | 5574 | 6064 | 6726 | 7690 | 8932 |
| 2295 | 2756 | 3691 | 4742 | 5585 | 6256 | 6794 | 7712 | 8986 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी आषाढी विशेष मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.100/- — सोडत दिनांक 22-07-2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर — पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 22 लाख — दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजाराची 30 बक्षिसे) — तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजाराची 100 बक्षिसे)

गणेशलक्ष्मी समृद्धी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 28/06/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे — प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबूरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

**निकाल — महाराष्ट्र सह्याद्री — प्रभालक्ष्मी विकली लॉटरी** — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — सोडत सायं. 4:30 वाजता

सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 26 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 28/06/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — **SP-09 : 2956**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — **3330** — पवार लॉटरी - ठाणे

तिसरे बक्षिस रु. 2000/- — 1340 (पवार लॉटरी - ठाणे) | 2542 | 3696 (हरी श्री लॉटरी सेंटर, नालासोपारा)

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1071 | 1442 | 2230 | 3006 | 5066 |
| 1095 | 1469 | 2238 | 3348 | 5190 |
| 1188 | 1575 | 2257 | 3673 | 5334 |
| 1255 | 1836 | 2285 | 3793 | 5505 |
| 1349 | 1891 | 2469 | 3900 | 5545 |
| 1364 | 1916 | 2588 | 3982 | 5653 |
| 1387 | 2088 | 2970 | 4575 | 5655 |
| 1403 | 2146 | 2980 | 4709 | 5660 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.50/- — सोडत दिनांक 15-07-2025 — जिंका फक्त 5 अंकावर — पहिले सामाईक बक्षिस रु. 21 लाख — दुसरे बक्षिस रु. 5 लाख — तिसरे बक्षिस रु. 2,50,000/- (रु. 5 हजाराची 50 बक्षिसे)

छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

महाराष्ट्र सह्याद्री प्रभालक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 28/06/2025

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

**निकाल — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि विकली लॉटरी** — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 26 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 28/06/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 1199 | 8471 | 7255 | 3758 | 1591 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 5015 (चिराग एन्टरप्रायझेस - नाशिक) | 6431 (श्री गणेश एन्टरप्रायझेस - दादर, मुंबई)

तिसरे बक्षिस रु. 2000/- — 1439 | 1804 | 4458 | 6387 (जलाराम लॉटरी, अकोला) | 8235

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 0881 | 2154 | 3387 | 4098 | 5507 | 6824 | 7654 | 8211 | 9764 | 9771 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 1384 | 1878 | 2041 | 2419 | 3090 | 5806 | 7349 | 8772 | 9335 | 9630 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सहावे बक्षिस रु. 300/- | 1144 | 1866 | 2725 | 3558 | 4708 | 5641 | 6676 | 7527 | 8168 | 8994 |
| | 1151 | 1891 | 2857 | 3589 | 4718 | 5703 | 6746 | 7570 | 8182 | 9007 |
| 0002 | 1171 | 1893 | 2862 | 3614 | 4722 | 5740 | 6762 | 7572 | 8187 | 9053 |
| 0004 | 1174 | 1912 | 2923 | 3753 | 4904 | 5751 | 6773 | 7620 | 8219 | 9090 |
| 0010 | 1217 | 1930 | 2933 | 3763 | 5008 | 5810 | 6803 | 7659 | 8385 | 9112 |
| 0025 | 1316 | 1951 | 2989 | 3960 | 5025 | 5912 | 6836 | 7668 | 8412 | 9324 |
| 0032 | 1327 | 2087 | 3008 | 4074 | 5055 | 6011 | 6921 | 7750 | 8451 | 9434 |
| 0107 | 1411 | 2120 | 3064 | 4287 | 5095 | 6014 | 6934 | 7774 | 8637 | 9435 |
| 0120 | 1451 | 2127 | 3133 | 4362 | 5180 | 6046 | 7212 | 7779 | 8714 | 9463 |
| 0189 | 1469 | 2131 | 3137 | 4382 | 5213 | 6054 | 7216 | 7790 | 8748 | 9469 |
| 0197 | 1470 | 2209 | 3143 | 4429 | 5316 | 6068 | 7226 | 7799 | 8810 | 9490 |
| 0277 | 1591 | 2244 | 3221 | 4434 | 5326 | 6176 | 7236 | 7876 | 8818 | 9699 |
| 0280 | 1697 | 2251 | 3240 | 4459 | 5344 | 6254 | 7247 | 7879 | 8838 | 9853 |
| 0300 | 1704 | 2331 | 3253 | 4469 | 5482 | 6264 | 7277 | 7971 | 8844 | 9889 |
| 0424 | 1716 | 2425 | 3296 | 4576 | 5519 | 6469 | 7342 | 7997 | 8874 | 9897 |
| 0534 | 1769 | 2449 | 3335 | 4583 | 5524 | 6537 | 7473 | 8045 | 8934 | 9903 |
| 0588 | 1784 | 2562 | 3368 | 4586 | 5537 | 6648 | 7482 | 8081 | 8973 | 9922 |
| 0601 | 1814 | 2610 | 3389 | 4589 | 5540 | 6660 | 7484 | 8132 | 8977 | 9940 |
| 1135 | 1852 | 2712 | 3489 | 4613 | 5597 | 6667 | 7516 | 8157 | 8980 | 9956 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी आषाढी विशेष मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.100/- — सोडत दिनांक 22-07-2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर — पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 22 लाख — दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजाराची 30 बक्षिसे) — तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजाराची 100 बक्षिसे)

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 28/06/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे — प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

प्रविण कडू : 9822472123

# हिंदी के विरोध पर एकजुट हुआ विपक्ष

## > राज-उद्धव ठाकरे के प्रदर्शन को शरद पवार का समर्थन

**मुंबई.**

राज्य में प्राथमिक शिक्षा में हिंदी भाषा को अनिवार्य किए जाने के खिलाफ राज्य का माहौल गरमा गया है. इस मुद्दे पर अब राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया और विरोध तेज हो गया है. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) ने इस विरोध को समर्थन देते हुए 5 जुलाई को मुंबई में आयोजित होने वाले मोर्चे में भाग लेने की घोषणा की है.

यह मोर्चा शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के संयुक्त नेतृत्व में निकाला जाएगा.



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के राज्य अध्यक्ष जयंत पाटिल ने इस मार्च को समर्थन देने के लिए एक आधिकारिक पत्र जारी किया है, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की गई है.पत्र में कहा गया है कि महाराष्ट्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनइपी 2020) के तहत स्कूली शिक्षा में हिंदी को अनिवार्य विषय के रूप में लागू करने का निर्णय लिया है. यह फैसला राज्य की जनभावनाओं के खिलाफ बताया जा रहा है, जहां मराठी भाषा का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है.पत्र के अनुसार, राज्य भर से छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, शिक्षाविदों और भाषाविदों की ओर से सरकार को इस फैसले के विरोध में कई प्रस्तुतियां दी गई हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई है. शरद पवार गुट का कहना है कि यह सरकार मराठी भाषा की उपेक्षा कर जबरन हिंदी थोपने का प्रयास कर रही है.उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महाराष्ट्र सरकार मराठी भाषा को दोयम दर्जे का दर्जा देने का प्रयास कर रही है और एकतरफा निर्णय थोप रही है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और खतरनाक है.

### 5 जुलाई को मराठी अस्मिता के लिए बड़ा मोर्चा

5 जुलाई को मुंबई में मराठी भाषी समाज द्वारा बुलाए गए इस मोर्चे को पूरी तरह से समर्थन देने की घोषणा करते हुए पत्र में कहा गया है कि यह केवल एक भाषा का मुद्दा नहीं, बल्कि राज्य की अस्मिता और सांस्कृतिक पहचान का प्रश्न है. पार्टी ने अपने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस विरोध में सक्रिय रूप से भाग लें.आगामी 5 जुलाई को मराठी अस्मिता की रक्षा के लिए राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों का एकजुट मोर्चा महाराष्ट्र की राजनीति में एक महत्वपूर्ण संदेश देने वाला बन सकता है.

# बारिश की बौछारों के साथ जून को विदा करेगा मानसून

**मुंबई.**



जून खत्म होने को है. इस महीने में मौसम का अलग-अलग रंग देखने को मिला. महीने के कुछ दिन भीषण गर्मी ने दिल्ली-एनसीआर वालों को जहां परेशान किया, वहीं कुछ दिन बारिश की फुहारें भी गिरीं, जिससे गर्मी से राहत दिलाई. हालांकि, मौसम के बदलते मिजाज ने कई बार आईएमडी के पूर्वानुमान को भी गच्चा दिया. ऐसा देखने को मिला कि दिल्ली में आईएमडी ने आंधी-बारिश का अलर्ट तो जारी किया, लेकिन बारिश की एक बूंद भी नहीं गिरी.

मौसम विभाग ने भी दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में गरज के साथ बारिश का अनुमान जताया है. इस दौरान दिल्ली का न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. आइएमडी के मुताबिक, दिल्ली में अगले 6 दिन यानी कि एक जुलाई तक बारिश की संभावना है.

आईएमडी के मुताबिक, गोवा, मध्य महाराष्ट्र और गुजरात में अगले 7 दिनों के दौरान अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है. उत्तर-पश्चिम भारत में, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पूर्वी राजस्थान में 27 जून से 2 जुलाई के दौरान अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा की उम्मीद है. पश्चिमी राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में 27 से 29 जून के दौरान, जबकि उत्तर प्रदेश में 28 जून से 2 जुलाई के दौरान भारी वर्षा हो सकती है.

27 जून को जम्मू-कश्मीर में, 27 से 28 जून के दौरान पूर्वी राजस्थान में, 27 से 30 जून के दौरान उत्तराखंड में, 27 और 29 जून को पंजाब में भारी बारिश की संभावना है. उत्तर-पश्चिम भारत में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा के साथ-साथ गरज, बिजली और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज़ हवाएं चलने की भी संभावना है.

# सांसद के ड्राइवर को 150 करोड़ की जमीन का गिफ्ट

**मुंबई.**

शिवसेना सांसद संदीपनराव भुमरे के ड्राइवर जावेद रसूल शेख को हैदराबाद की प्रतिष्ठित सालार जंग फैमिली के एक वंशज से लगभग 150 करोड़ रुपये कीमत की जमीन गिफ्ट में मिली है. मामला सामने आने के बाद छत्रपति संभाजीनगर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की इस पर नजर गई है और इस संदिग्ध सौदे की जांच में जुटी है. ईओडब्ल्यू इस बात की जांच कर रही है कि जावेद रसूल शेख हैदराबाद के तत्कालीन दीवान सालार जंग की प्रॉपर्टी से कैसे जुड़ा है. टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक जावेद ने बताया कि वह जांच में सहयोग कर रहा है और जांचकर्ताओं की ओर से मांगी गई डिटेल्स पहले ही जमा कर दिए हैं.




शिवसेना सांसद के ड्राइवर जावेद रसूल शेख ने कहा, "मेरे सालार जंग परिवार के वंशजों के साथ अच्छे संबंध हैं, इसलिए उन्होंने मुझे जमीन उपहार में दी." जावेद रसूल शेख करीब 13 साल से शिवसेना सांसद संदीपनराव भुमरे और उनके विधायक बेटे विलास भुमरे की गाड़ी चलाने का काम देख रहे हैं. जावेद को जो जमीन गिफ्ट में मिली है वो संभाजीनगर में जालना रोड के साथ दाऊदपुरा में स्थित है. वहीं, पुलिस कमिश्नर प्रवीण पवार ने गुरुवार (26 जून) को कहा, ''जावेद को परभणी के एक वकील की शिकायत के आधार पर तलब किया गया है, जिसमें संभाजीनगर में जालना रोड के साथ दाऊदपुरा में प्रमुख भूमि के रूप में मानी जाने वाली जमीन के लिए उनके नाम पर 'हिबानामा' (उपहार विलेख) को चिह्नित किया गया.जमीन ट्रांसफर किए जाने की जांच कर रही ईओडब्ल्यू टीम के सदस्य इंस्पेक्टर संभाजी पवार ने बताया, "हम जावेद के आयकर रिटर्न और आय के किसी अन्य स्रोत के डिटेल्स को स्कैन करेंगे. उन्हें यह बताने की जरूरत है कि सालार जंग परिवार का कोई भी व्यक्ति उनके नाम पर एक गिफ्ट डीड क्यों बनाएगा, जिसमें एक प्राइम लोकेशन पर तीन एकड़ जमीन दी जाएगी.

# चांदी की थाली में परोसा गया मेहमानों को खाना

**मुंबई.**

मुंबई में बीते दिन विधान भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओमर बिरला ने संसद की अनुमान समिति की हीरक जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया. ये आयोजन अब खाने को लेकर विवादों में घिर गया है. इसके पीछे की वजह खाने की कीमत और जिस थाली में खाना परोसा गया वह चर्चा का विषय बनी हुई है. सोशल एक्टिविस्ट विजय कुंभार ने एक पोस्ट में आरोप लगाया है कि यह समिति जो सादगी और फिजूलखर्ची पर रोक की बात करती है, उसने ही 27 लाख रुपये सिर्फ खाने पर कर दिए हैं. ये जनता के पैसे की बर्बादी है.

विजय कुंभार अपनी पोस्ट में लिखा कि मुंबई के विधान भवन में पूरे देश से आए बजट समिति के सदस्यों के लिए राजसी दावत का आयोजन किया गया, जिसकी प्रति व्यक्ति




लागत 4,500 रुपये थी. इस दावत में खाने को चांदी की प्लेट्स में परोसा गया, जिनका प्रति प्लेट रेट 550 रुपये बताया गया है.

करीब 600 मेहमानों के लिए कुल खर्च 27 लाख रुपये बैठा. यह वही समिति है. जो सादगी का पाठ पढ़ाती है, लेकिन खुद जनता के पैसों की बर्बादी में डूबी रही.' विजय कुंभार ने कहा कि इस सम्मेलन में देशभर से 600 गेस्ट अध्यक्ष, सदस्य और अधिकारी शामिल हुए. उनके स्वागत में विधान भवन के बाहर 40 फुट ऊंचा बोर्ड लगाया गया, मानो यह कोई शाही स्वागत समारोह हो.

अध्यक्षों और सदस्यों के लिए होटल ताज पैलेस में और अधिकारियों के लिए होटल ट्राइडेंट में ठहरने की व्यवस्था की गई थी. इतना ही नहीं, विधान सभा परिसर में मलमल के कपड़े के डाइनिंग मंडप बनाए गए, बड़े-बड़े झूमर लगाए गए और हॉल से लेकर डाइनिंग एरिया तक लाल कालीन बिछाए गए.

# 7 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई.**

मुंबई की एमआईडीसी पुलिस स्टेशन ने मुंबई के कुर्ला और पुणे इलाके से सात बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिसमें 6 बांग्लादेशी महिला शामिल हैं. इन सभी को नौकरी का लालच देकर मुंबई लाया गया था. पुलिस ने 7 बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया. पुलिस ने बताया गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक बायजिद अयूब शेख अवैध रूप से बांग्लादेशी महिलाओं को मुंबई और पुणे जैसे बड़े शहरों में नौकरियों का लालच देकर उन्हें भारत लेकर आया और इन महिलाओं को देह व्यापार में धकेलने का इरादे से लेकर आय था, लेकिन इसके पहले ही सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.

पुलिस के अनुसार ये सभी बांग्लादेशी नागरिक कुछ महीनों से मुंबई के कुर्ला इलाके में अवैध तरीके से रह रहे थे. यह सभी बिना किसी वैध दस्तावेजों के मुंबई में रह रहे थे. पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान इन सभी ने स्वीकार किया कि वो बांग्लादेश के नागरिक हैं और कुछ महीनों से भारत में बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे थे. गिरफ्तार करने के बाद सभी को कोर्ट में पेश किया गया जंहा कोर्ट ने सभी को ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है. एमआईडीसी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कुर्ला और पुणे इलाके में छापेमारी कर इस गिरोह को दबोच लिया. यदि समय रहते यह कार्रवाई नहीं की जाती तो इन महिलाओं को एक बड़े देह व्यापार रैकेट में धकेला जा सकता था. गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

# 51 अधिकारियों के हुए तबादले, 5 नए डीसीपी की तैनाती

**मुंबई.**

राज्य में बड़े प्रशासनिक फेरबदल किए गए हैं. सरकार के गृह विभाग ने शुक्रवार को यह बड़ा फैसला लेते हुए 51 भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों और 81 राज्य पुलिस सेवा अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं. यह तबादले राज्य के प्रमुख शहरों जैसे मुंबई, पुणे, नागपुर, नासिक और छत्रपति संभाजीनगर सहित कई जिलों में किए गए हैं. न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस निर्णय का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों को सुदृढ़ बनाना और पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना है.तबादलों के इस क्रम में पुणे स्थित शस्त्र निरीक्षण



शाखा की पुलिस अधीक्षक तेजस्वी साठपुते को राज्य रिजर्व पुलिस बल समूह 1, पुणे का कमांडर नियुक्त किया गया है. वहीं ठाणे शहर से पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) महेंद्र पंडित का तबादला मुंबई में किया गया है. इसके अलावा पुणे से डीसीपी स्मार्तना पाटिल को खंडाला स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में स्थानांतरित किया गया है. डीसीपी (ट्रैफिक) अमोल ज़ेंडे को भी एसआरपीएफ, दौंड में कमांडर की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

कोल्हापुर के पुलिस अधीक्षक तुषार पाटिल को मुंबई में डीसीपी नियुक्त किया गया है. उनके अलावा विजय पवार, सुनील लोखंडे, नम्रता पाटिल और स्मिता पाटिल को भी मुंबई में पुलिस उपायुक्त की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है. इस प्रकार कुल पांच आईपीएस अधिकारियों को मुंबई में डीसीपी के रूप में पदोन्नत कर तैनात किया गया है.

इन तबादलों के जरिए राज्य सरकार ने न सिर्फ बड़े शहरों में पुलिस प्रशासन को मजबूत करने का प्रयास किया है, बल्कि अनुभवी अधिकारियों को अहम पदों पर नियुक्त कर अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में कदम बढ़ाया है. सूत्रों के अनुसार, यह प्रक्रिया आने वाले समय में और तेज हो सकती है, ताकि राज्य भर में पुलिस प्रणाली को चुस्त-दुरुस्त बनाया जा सके.

# बीजेपी नेता पर 'बैड टच' का आरोप, दिया इस्तीफा

**पुणे.**

महिला पुलिस इंस्पेक्टर से छेड़छाड़ के आरोप में फंसे बीजेपी नेता प्रमोद कोंढारे ने इस्तीफा दे दिया है. यह सब उस समय हुआ, जब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पुणे में दौरे पर थे. महिला पुलिस इंस्पेक्टर ने प्रमोद कोंढारे पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था. नितिन गडकरी को सोमवार को एक कार्यक्रम के लिए पुणे आना था. शनिवार वाड़ा के पास बीजेपी नेता एकत्र हुए थे. उस समय बीजेपी के कस्बा पेठ विधायक हेमंत रासने कार्यकर्ताओं और सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को चाय पिलाने के लिए एक दुकान पर ले गए.

उसी समय प्रमोद कोंधरे पर आरोप है कि उन्होंने भीड़ का फायदा उठाकर ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिस इंस्पेक्टर को गलत तरीके से छुआ. पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. महिला पुलिस इंस्पेक्टर ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इस बारे में बताया. चाय की दुकान के पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई. उसके बाद प्रमोद कोंधारे पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया.

भाजपा शहर अध्यक्ष धीरज घाटे ने बताया कि प्रमोद कोंधारे ने अपना इस्तीफा भेज दिया है. हम जांच कर रहे हैं कि वास्तव में क्या हुआ था. क्या यह अनजाने में हुआ, क्योंकि वहां पर पर भीड़ अधिक थी. प्रमोद ने पुलिस जांच पूरी होने तक इस्तीफा दे दिया है. हालांकि, मैंने उनसे जानकारी हासिल करने की कोशिश की है. इस घटना के बारे में जानने के बाद, हमने तुरंत कदम उठाए हैं. धीरज घाटे ने कहा कि शहर बीजेपी में कोई दो समूह नहीं हैं, कोई भी उल्टी-सीधी खबर न फैलाए.

वहीं प्रमोद कोंधारे ने अपने खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से इनकार किया. मामले को लेकर बीजेपी एमएलसी चित्रा वाघ ने कहा कि मैं प्रमोद कोंधरे का समर्थन सिर्फ इसलिए नहीं करूंगी, क्योंकि वह हमारी पार्टी से हैं. मैंने आज सुबह पुणे शहर अध्यक्ष से बात की है. उन्हें उनके पद से हटा दिया गया है. मैं खुद इस मामले पर आगे की कार्रवाई करूंगी.

# फ्लैट से 2.12 करोड़ मूल्य का ड्रग बरामद

**ठाणे.**

ठाणे पुलिस ने एक फ्लैट से 2.12 करोड़ रुपये मूल्य की 1.93 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) दवा जब्त करने के बाद एक युवती समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. इस बात की जानकारी एक अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. पुलिस उपायुक्त (जोन III, कल्याण) अतुल ज़ेंडे ने बताया कि पुलिस ने गुरुवार रात को अवैध ड्रग नेटवर्क के बारे में सूचना मिलने के बाद डोंबिवली के पास खोनी गांव में स्थित फ्लैट पर छापा मारा. छापेमारी के दौरान नेटवर्क में शामिल 21 वर्षीय महिला को मौके पर ही पकड़ लिया गया. जबकि उसके दो पुरुष साथी शुरू में घटनास्थल से भाग गए, लेकिन बाद में उनका पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. डीसीपी ने बताया कि आरोपी एक संगठित ऑपरेशन के सदस्य हैं, जिसमें दो पुरुष कथित तौर पर ड्रग की आपूर्ति और रसद का प्रबंधन करते थे, जबकि महिला ने इसके स्थानीय वितरण और डिलीवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी.जब्त की गई मेफेड्रोन की कुल मात्रा 1.93 किलोग्राम है और इसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2.12 करोड़ रुपये है. मनपाड़ा पुलिस स्टेशन में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है.

# महायुति में सभी के लिए दरवाजे खुले हैं

## > राज ठाकरे के मार्च पर बोले फडणवीस

**मुंबई.**

राज्य में आगामी नगर निगम चुनावों से पहले राजनीतिक उलटफेर की सरगर्मियां तेज हो गई हैं. महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने हिंदी को अनिवार्य बनाने के मुद्दे पर 6 अप्रैल को सर्वदलीय मार्च का ऐलान किया है, जिससे ठाकरे बंधुओं यानी राज और उद्धव के एक मंच पर आने की अटकलें तेज हो गई हैं. इसी बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की इस पर पहली प्रतिक्रिया सामने आई है. लोकमत को दिए इंटरव्यू में उन्होंने राज ठाकरे को लेकर बड़ा बयान दे दिया है.



फडणवीस ने कहा कि राज ठाकरे उनके अच्छे मित्र हैं और उनकी भूमिका अलग है. उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में महायुति गठबंधन में शिवसेना (शिंदे गुट) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) जैसे मूल दल शामिल हैं. अगर कोई तीसरा पक्ष इस गठबंधन में शामिल होना चाहता है, तो इसका स्वागत किया जाएगा, लेकिन इसका निर्णय सामूहिक रूप से होगा. उन्होंने यह भी जोड़ा कि महायुति का दरवाजा खुला है, जो चाहे वह इसमें शामिल हो सकता है.

राज ठाकरे द्वारा निकाले जा रहे मराठी मोर्चे और हिंदी भाषा के मुद्दे पर सीएम फडणवीस ने कहा कि यह विरोध सिर्फ चुनावों के चलते तेज़ हुआ है. यदि नगर निगम चुनाव नहीं होते, तो इतना बड़ा मोर्चा नहीं निकलता. उन्होंने कहा कि अगर राज ठाकरे और उनके विचार एक जैसे होते, तो वे पहले से ही एक ही पार्टी में होते.

मुंबई में मराठी लोगों के हितों पर किसी एक व्यक्ति या दल का एकाधिकार नहीं हो सकता. मराठी और गैर-मराठी दोनों समुदाय महायुति के साथ हैं और जनता विकास के आधार पर वोट देती है.

### राजनीति में संभावित नए समीकरणों का संकेत

बीएमसी में मेयर पद छोड़ने के पुराने फैसले पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वह एक भावनात्मक निर्णय था. उस समय उद्धव ठाकरे, एकनाथ शिंदे और अन्य नेताओं के कहने पर उन्होंने महापौर और उपमहापौर पद त्याग दिए थे. अब उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले चुनावों में महायुति का महापौर मुंबई महानगरपालिका पर काबिज होगा. यह बयान महाराष्ट्र की राजनीति में संभावित नए समीकरणों का संकेत देता है.

## आज का राशिफल

**मेष** - शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। नौकरी में अफसरों से तालमेल बनाकर रखें।

**वृषभ** - वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन सौभाग्य लेकर आया है। आर्थिक रूप से आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भूमि, वहन व वाहन की खरीदारी संभव है।

**मिथुन** - आज आपको महत्वपूर्ण फैसले रोककर रखने चाहिए। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। नौकरी में बदलाव की संभावना बन रही है।

**कर्क** - कर्क राशि वालों के लिए दिन का पहला भाग अच्छा गुजरेगा, लेकिन शाम को किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। सेहत के प्रति सचेत रहें। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

**सिंह** - ऑफिस में आपको नई जिम्मेदारियां या भूमिका मिल सकती है, जिसे आप अच्छे से निभाएंगे। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। ऑफिस में ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कन्या** - आज घर में खुशी का माहौल रहेगा। किसी पुराने मित्र का घर पर आगमन हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**तुला** - तुला राशि वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं। बच्चों की सेहत पर नजर रखना जरूरी है।

**वृश्चिक**- आज आपका कोई सपना सच हो सकता है, जिससे मन में प्रसन्नता रहेगी। व्यापारियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है, कारोबार में वृद्धि होगी।

**धनु** - आज परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो सकता है, जिससे मन परेशान हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**मकर** - मकर राशि वालों को आज किसी सुखद समाचार की प्राप्ति हो सकती है। अपनी फीलिंग्स पर काबू रखें। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा।

**कुंभ** - आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वालों को सफलता मिल सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मीन** - आज कार्यस्थल पर किसी कार्य से आपका क्लाइंट प्रसन्न नहीं होगा, जिसे आपको दोबारा करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**दस्तावेज हरवले**

मी देवांश प्रकाश बोबडे दुपारी दिनाक 26/6/2025 ला माझे T.C. (टि.सी.) व बाकी दस्तावेज बाईक ने जातानी भांडेप्लॉट ते जगनाडे चौक नागपूर या दरम्यान हरवले कोनाला सापडल्यास या मोबाईल वर संपर्क करावे. **9764739389**
**पत्ता:** 166 जवाहर नगर मानेवाडा नागपूर- 440024.

**मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मध्य रेलवे के नागपुर मंडल पर निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए स्थापित ठेकेदारों से सीनियर डिईई/टिआरएस/ईएलएस/एक्यू द्वारा डिजिटल रुप से हस्ताक्षरित ऑनलाइन खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सूचना सं.:** ईएलएस/एक्यू/डीआरजी/डब्ल्यूसीक्यू/25-26/07 दिनांक 25.06.2025 **कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिक लोकोशेड, अजनी में 3 फेज इलेक्ट्रिक इंजनो के एयर ड्रायर (मेसर्स SIL, FTIL, KBIL, TRIDENT, PRAG POLYMERS मेक) की मरम्मत/ओवरहालिंग का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 40,63,689.00 (रुपये चालीस लाख तिरसठ हजार छह सौ नवासी मात्र) **बयाना राशि:** 81,300.00 (रु. इक्यासी हजार तीन सौ मात्र) **समापन की अवधि:** 48 माह। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 25.07.2025 समय 15.00 बजे तक।
Website address: http:ireps.gov.in
व.मं. विद्युत इंजी. (क.च.स्टॉ)
विद्युत लोकोशेड, अजनी, नागपुर
Apex-103
Download UTS App for Tickets

**मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस**




**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

**विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088**

# ओसाका एक्सपो 2025 में भारत की धूम

## > दुनिया ने सराहा सांस्कृतिक और तकनीकी प्रदर्शन को

**ओसाका.**



ओसाका वर्ल्ड एक्सपो 2025 में भारत पवेलियन को शीर्ष तीन सबसे लोकप्रिय पवेलियनों में तीसरा स्थान मिला है, जो बड़ी सफलता है. यह दर्शाता है कि दुनिया आज भारत की संस्कृति, तकनीकी प्रगति और आध्यात्मिक मूल्यों में गहरी रुचि ले रही है. जो कि भारत की वैश्विक छवि को और ज्यादा मजबूत करता है. सबसे कम समय में 10 लाख से ज्यादा आगंतुकों को आकर्षित किया.

यह इस बात का प्रमाण है कि भारत की संस्कृति और नवाचारों ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया है. भारत पवेलियन ओसाका वर्ल्ड एक्सपो 2025 में वैश्विक दर्शकों के सामने प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरते हुए सामने आया है. भारत पवेलियन को भारत की आध्यात्मिक विरासत के प्रभावशाली प्रदर्शन बहुत ही ज्यादा लोकप्रियता दिलाई. भारत पवेलियन की एक विशिष्ट विशेषता इसका चिन्ह है जो बोधगया के महाबोधि वृक्ष से प्रेरित है. यह चिन्ह भारत की आध्यात्मिक जड़ों और शांति के संदेश का प्रतीक है. पवेलियन में हर दिन लोग योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प, पारंपरिक भोजन, डिजिटल इंडिया, अंतरिक्ष विज्ञान और सतत विकास की उपलब्धियों का अनुभव ले रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना भारत पवेलियन की सफलता को दर्शाती है.

यह आयोजन भारत-जापान रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करेगा. जापान पहले ही भारत के बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट, स्मार्ट सिटी मिशन और कई डिजिटल साझेदारियों में भागीदार है. एक्सपो 2025 इस सहयोग को नए आयाम दे सकता है. भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय और आईटी मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से भारत के पवेलियन को तैयार किया गया है.

### भारत-जापान रिश्तों को नई मजबूती

ओसाका एक्सपो 2025 में भारत की प्रभावशाली उपस्थिति भारत-जापान संबंधों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. एक्सपो 2025 एक वर्ल्ड एक्सपो है जिसको ब्यूरो इंटरनेशनल डेस एक्सपोज़िशन ने आयोजित किया. स्वीकृत किया, यह जापान के ओसाका में आयोजित होने जा रहा है. यह दूसरी बार है जब ओसाका विश्व एक्सपो की मेज़बानी कर रहा है.

# बिहार में मतदाता सूची पर विवाद

## > चुनाव आयोग ने शुरू किया विशेष गहन पुनरीक्षण

**पटना.**



बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के तहत भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यभर में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रेविसिओं–एसआइआर) अभियान शुरू कर दिया है. यह अभियान 25 जून से 26 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसके तहत बूथ लेवल ऑफिसर्स (ब्लोस ) घर-घर जाकर मतदाताओं से जानकारी एकत्र कर रहे हैं और गणना प्रपत्र (एनुमेरशन फॉर्म्स– इएफ) भरवा रहे हैं.

बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें वर्तमान 7.89 करोड़ से अधिक मतदाताओं के आंकड़े दोबारा सत्यापित किए जा रहे हैं. इस अभियान का उद्देश्य है राज्य में मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना, नए योग्य मतदाताओं को जोड़ना और अपात्र नामों को हटाना है.निर्वाचन आयोग ने इस बार गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा भी प्रदान की है. मतदाता वोटर्स.ऐसी.गॉव. इन पर जाकर अपने एपिक नंबर की मदद से प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं और भरकर जमा कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त, सिनेट मोबाइल ऐप भी जल्द शुरू किया जाएगा जिससे ऑनलाइन प्रक्रिया और आसान हो सकेगी.

प्रत्येक बीएलओ मतदाताओं के घर जाकर उन्हें गणना प्रपत्र की दो प्रतियां देंगे. नागरिकों को फॉर्म भरकर अपनी नवीनतम फोटो लगानी होगी और साथ ही जन्मतिथि और जन्मस्थान का प्रमाणपत्र (जैसे जन्म प्रमाणपत्र, स्कूल रिकॉर्ड, आदि) स्वयं सत्यापित कर संलग्न करना होगा. फॉर्म जमा करते समय बीएलओ से पावती रसीद (अखनोव्लेड्गेमेन्ट रिसीप्ट) लेना जरूरी होगा.

चुनाव आयोग ने बताया कि इस अभियान में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है. अब तक राज्य में 1,54,977 बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए जा चुके हैं, और पार्टियां आगे भी नियुक्तियां कर सकती हैं.इस व्यापक पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद 30 सितंबर 2025 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा.

**राजनीतिक विवाद भी शुरू:** इस अभियान को लेकर बिहार की राजनीति भी गरमा गई है.एआइएमआइएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इसे "छिपा हुआ एनआरसी" करार दिया है, जबकि सत्तारूढ़ दलों ने इसे पूर्व की चुनावी धांधली पर चुनाव आयोग की सख्ती बताया है. सत्ता पक्ष का कहना है कि यह प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है.

# संविधान से 'सेकुलर' शब्द हटाने की मांग

## > साक्षी महाराज का विवादित बयान

**नई दिल्ली.**






कोई व्यक्ति धर्मनिरपेक्ष हो ही नहीं सकता अगर कोई कहता है तो वह बकवास कर रहा है... ये कहना है बीजेपी सांसद साक्षी महाराज का. उन्होंने भारतीय संविधान से 'सेकुलर' और 'सोशलिस्ट' शब्दों को हटाने की मांग की. उन्होंने इसे देश के साथ अन्याय बताया. सांसद का कहना है कि कि जैसे आंख का धर्म देखना और कान का धर्म सुनना है, वैसे ही इंसान का भी एक धर्म होता है.

उन्नाव स्थित अपने कैंप कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान सांसद साक्षी महाराज ने मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा बयान दिया है. वहीं इटावा घटना का कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए अखिलेश यादव को जातिवाद की राजनीति न करने की नसीहत दी. देश के संविधान से दो शब्द सेकुलर व सोशलिस्ट हटाए जाने पर बीजेपी सांसद साक्षी महाराज ने दो टूक कहा कि यह संवैधानिक प्रक्रिया है. उन्होंने कहा 'मैं एक धर्माचार्य हूं, दुनिया का बड़े से बड़े विद्वान मुझसे बहस कर ले, धर्मनिरपेक्ष हो ही नहीं सकता यह सब बकवास है . संविधान का अन्याय है, पाप है. आंख का धर्म है देखना, कान का धर्म है सुनना, नाक का धर्म है सांस लेना क्या ये अपना धर्म भूल सकते हैं, अग्नि क्या अपना धर्म भूल सकती है'.

इसके आगे उन्होंने कहा ' मैं जब से राजनीति में नहीं था तब से धर्मनिरपेक्ष का विरोध कर रहा हूं. सांसद ने कहा कि कोई व्यक्ति धर्मनिरपेक्ष हो ही नहीं सकता अगर कोई कहता है तो वह बकवास कर रहा है. धर्मनिरपेक्ष शब्द देश को बर्बाद करने के लिए जोड़ा गया'.

इसके साथ ही इटावा घटनाकांड पर उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के दिमाग में जातिवाद है ये लोग जातिवाद का जहर घोलकर राजनीति करते हैं. सांसद ने कहा कि वेश में किसी को धोखा देना, भ्रमित करना , बहुत बड़ा अपराध है. उन्होंने कहा कि इटावा वाला (कथावाचक ) एक आधार कार्ड में ब्राह्मण , एक आधार में यादव है. एक ही व्यक्ति एक आधार कार्ड में ब्राह्मण और दूसरे में यादव कैसे हो सकता है. उन्होंने कहा क्या यह रोहिंग्या है, क्या आतंकवादी है, जो छिपकर रह रहे हैं.

# जुम्बा को लेकर केरल में क्यों मचा है बवाल?

**तिरुअनंतपुरम.**



केरल के स्कूलों में स्टूडेंट्स के लिए जुम्बा डांस प्रोग्राम शुरू करने को लेकर विवाद छिड़ गया. जुम्बा डांस आधारित फिटनेस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना है. यह पहल नशा विरोधी अभियान का एक हिस्सा है, जिससे छात्रों में सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और फिटनेस के प्रति जागरूकता पैदा हो सके. हालांकि ज़ुम्बा शुरू करने के इस फैसले को लेकर कुछ मुस्लिम संगठनों ने इस फैसले की कड़ी आलोचना की है. उन्होंने लड़कियों और लड़कों के इसमें एक साथ घुलने-मिलने और कम कपड़े पहनकर एक साथ डांस करने को लेकर आपत्ति जताई है.

वहीं कई स्कूलों ने इस शैक्षणिक साल से जुम्बा ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है. विजडम इस्लामिक संगठन के महासचिव टीके अशरफ ने इस पर असहमति जताई है. उन्होंने कहा, उनका बेटा इस कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेगा. अशरफ ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, "मेरा बेटा इसमें भाग नहीं लेगा, मैं इसे स्वीकार नहीं कर सकता". मुस्लिम संगठन समस्ता के नेता केरल सरकार के स्कूलों में जुम्बा डांस लागू करने की नीति की आलोचना कर रहे हैं. उन्होंने इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन और शारीरिक फिटनेस के नाम पर अश्लीलता थोपने जैसा बताया है.

उनका कहना है, "जुम्बा डांस एक ऐसी विधि है जिसमें कम कपड़े पहनकर साथ में डांस किया जाता है, अगर सरकार ने बड़े बच्चों के लिए भी ऐसा निर्देश जारी किया है, तो यह आपत्तिजनक है. यह कुछ छात्रों की नैतिकता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है." मुस्लिम नेता ने इस पहल को अश्लीलता को बढ़ावा देने वाला बताया, शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ज़ुम्बा सत्र का बचाव करते हुए नजर आए, उन्होंने फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें मुस्लिम छात्र भी ज़ुम्बा में भाग लेते हुए दिखे, उनका कहना है, "बच्चों को खेलने, हसने, मौज-मस्ती करने और स्वस्थ रहने दें".

शिक्षा विभाग ने कहा था, "ज़ुम्बा सत्र स्वैच्छिक थे जिसको शुरू करने का उद्देश्य, छात्रों को शैक्षणिक तनाव से राहत देना, नशे की प्रवृत्ति को रोकना और मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना था". ज़ुम्बा को शिक्षा विभाग ने छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए एक स्वैच्छिक गतिविधि बताया है.

# कोलकाता सामूहिक बलात्कार

## > कानून की छात्रा क्रूर हमले की शिकार

**कोलकाता.**



कोलकाता में आरजी कर की घटना की दर्दनाक यादें अभी भी लोगों के जेहन में ताजा हैं और अब एक और दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। दक्षिण कोलकाता के कस्बा लॉ कॉलेज में एक छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार का मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस घटना ने एक बार फिर समाज में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

यह घटना एक प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज में हुई, जहां एक छात्रा के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि घटना पूर्व नियोजित थी और आरोपियों ने पीड़िता को निशाना बनाने के लिए पहले से ही साजिश रची थी।

पुलिस ने इस मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में यह भी पता चला है कि घटना कॉलेज कैंपस या उसके आसपास हुई है, जिससे शिक्षण संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इस मामले में और लोग भी शामिल हैं या कोई और साजिश थी।

आरजी कर की घटना, जिसमें कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की गई थी, ने पूरे देश में आक्रोश पैदा कर दिया था। कानून की छात्रा के साथ हुई इस घटना ने एक बार फिर उसी क्रूरता और असुरक्षा को उजागर किया है जिसका सामना महिलाएं अपने कार्यस्थलों या शैक्षणिक संस्थानों में कर रही हैं।

# फोर्दो परमाणु साइट पर फिर से चालू हुआ निर्माण का काम

**तेहरान.**



21-22 जून की रात अमेरिका ने ईरान के तीन अहम परमाणु ठिकानों फोर्दो, नतांज़ और इस्फहान पर हमला किया था. 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' के तहत बंकर-बस्टर बम गिराए गए, जिनका मकसद इन गुप्त परमाणु ठिकानों को पूरी तरह नष्ट करना था. मगर अमेरिका के सख्त संदेश और बमबारी के बावजूद ईरान पीछे हटने को तैयार नहीं है.दरअसल अब मक्सर टेक्नोलॉजीज की नई सैटेलाइट तस्वीरों में दिख रहा है कि ईरान ने फिर से न्यूक्लियर साइट पर निर्माण का काम शुरु कर दिया है. तस्वीरों के मुताबिक फोर्दो साइट पर फिर से निर्माण और खुदाई का काम दिख रहा है. बुलडोजर, ट्रक और अन्य भारी मशीनें सुरंगों के पास काम करती नजर आ रही हैं.

विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान ने हमले से पहले ही फोर्डो साइट को खाली कर दिया था और संवेदनशील सामग्री को किसी सुरक्षित जगह पहुंचा दिया गया. कुछ सुरंगों को जानबूझकर मिट्टी से भर दिया गया ताकि वे बमबारी से बचे रहें. नई तस्वीरों में ताजा मिट्टी, सुरंगों के ऊपर उभरी परतें और नई सड़कें साफ दिखती हैं. इससे ये सवाल उठ रहा है कि ईरान इस साइट को छिपाने की कोशिश कर रहा है या फिर इसे दोबारा चालू करने की तैयारी में है.

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि फोर्डो में 60% तक समृद्ध यूरेनियम मौजूद था, लेकिन यह तय नहीं है कि हमला होते समय वह वहां था या नहीं. वहीं रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ का दावा है कि हमारा हमला सटीक था और हमने साइट की क्षमताएं खत्म कर दी हैं.अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भी बयान जारी कर कहा है कि फोर्दो की सेंट्रीफ्यूज फिलहाल ऑपरेशनल नहीं हैं.

# 5 लाख रुपये का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**नारायणपुर.**

पुलिस ने आमाधाई हिल्स सुरक्षा शिविर पर हमले में शामिल कुख्यात नक्सली बुधरू उर्फ बुधरू पोयाम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर हत्या, आईईडी ब्लास्ट, सड़क जाम करने और बैनर दिखाने जैसे गंभीर आरोप दर्ज थे। सरकार ने उसे पकड़ने के लिए 5 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।

जानकारी के अनुसार 24 जून को ओरछा थाना क्षेत्र में ओरछा पुलिस और आईटीबीपी के जवानों की संयुक्त टीम द्वारा एरिया डोमिनेशन के दौरान जपगुंडा और रोहताड़ के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान नेलनार एरिया कमेटी के सदस्य बुधरू पोयाम (39 वर्ष) के रूप में हुई, जो ओरछा थाना क्षेत्र के भटबेड़ा का रहने वाला है। बुधरू ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन का सक्रिय सदस्य होने और कोमल मांझी हत्या और 20 जुलाई 2020 को आमाधई हिल्स कैंप पर हमले सहित कई नक्सली अपराधों को अंजाम देने की बात कबूल की है। वह लगभग 20-30 हथियारबंद नक्सलियों के साथ उक्त हमले में शामिल था, जिसका उद्देश्य पुलिस पर हमला करना और हथियार लूटना था। गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ छोटेडोंगर थाने में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# सिंधु जल विवाद में भारत ने किया फैसले का विरोध

## > पाकिस्तान ने जताई खुशी

**लाहौर.**


पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं को लेकर तथाकथित कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन में शिकायत की थी. अब इस कोर्ट का हालिया फैसला सामने आने के बाद पाकिस्तान का रिएक्शन सामने आया है. पाकिस्तान ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है. साथ ही सिंधु जल संधि से संबंधित मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत के संकेत दिये हैं. दरअसल, 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ल्ड बैंक की देखरेख में सिंधु जल समझौता हुआ था. इसके तहत सिंधु नदी बेसिन की पश्चिमी नदियों (झेलम, चेनाब, और सिंधु) का पानी दोनों देशों के बीच बांटा गया, लेकिन पाकिस्तान लंबे समय से भारत की किशनगंगा (330 मेगावाट) और रतले (850 मेगावाट) प्रोजेक्ट पर सवाल उठाता रहा है. कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अप्रैल में भारत ने सिंधु जल संधि को रोकने का जो फैसला लिया था, वो इस विवाद को सुलझाने की कोर्ट की शक्ति को कम नहीं करता. कोर्ट का फैसला दोनों पक्षों के लिए मान्य और बाध्यकारी है. भारत ने जहां एक तरफ कोर्ट के इस फैसले को खारिज कर दिया है. वहीं, दूसरी तरफ पाकिस्तान ने इसका स्वागत किया है. पाकिस्तान ने शनिवार सुबह जारी एक बयान में कहा, इस मामले में इस वक्त सबसे अहम यह है कि भारत और पाकिस्तान सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के आवेदन सहित एक बातचीत का रास्ता तलाशें.जहां पाकिस्तान बातचीत का रास्ता तलाशने की बात कर रहा है. वहीं, दूसरी तरफ भारत ने शुक्रवार को इस फैसले को खारिज कर दिया है.




# एकजुट भारत के लिए एक संविधान ज़रूरी

## > सीजेआई बी.आर. गवई का बड़ा बयान

**मुंबई.**






भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भूषण रामकृष्ण गवई का कहना है कि अगर देश को एकजुट रहना है तो देश को एक ही संविधान की जरूरत है. उन्होंने कहा कि किसी राज्य के लिए अलग संविधान बाबा साहब अंबेडकर की विचारधारा के अनुरूप नहीं था इसलिए हमने संसद द्वारा लिए गए फैसले (अनुच्छेद 370 को हटाने का) को सर्वसम्मति से स्वीकार किया, ताकि देश में एक ही संविधान चले.

उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर की आलोचना इस बात के लिए की जाती थी कि हमारा संविधान बहुत केंद्रीकृत है. बाबा साहब ने उस आलोचना का जवाब देते हुए कहा था. 'हम देश को सभी चुनौतियों के लिए उपयुक्त संविधान दे रहे हैं, और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि यह युद्ध और शांति के समय में देश को एकजुट रखेगा'.गवई ने कहा कि आज हम अपनी 75 साल की यात्रा में देख रहे हैं कि हमारे चारों ओर क्या स्थिति है, जब भी इस देश पर कोई संकट आया है, यह एकजुट रहा है.

शनिवार को बीआर गवई नागपुर जिला वकील संघ की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होने नागपुर पहुंचे. इस दौरान वो अपने पिता को याद करके भावुक हो गए. गवई ने कहा, 'मेरे पिता को हमेशा लगता था कि मैं एक दिन सुप्रीम कोर्ट का चीफ जस्टिस बनूंगा. आज वो सपना सच हुआ है, लेकिन यह देखने के लिए वो इस दुनिया में नहीं हैं.

2015 में उनका निधन हो गया था. उनकी कमी आज बहुत महसूस हो रही है. इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश गवई ने मराठी में भाषण दिया. इस दौरान उन्होंने अपने ऑक्सफोर्ड में दिए गए भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि न्यायिक सक्रियता (जुडिशल एक्टिविज्म) हमेशा बनी रहनी चाहिए. उन्होंने कहा कि यह संविधान की रक्षा और आम लोगों के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए जरूरी है.

### 'कोई कानून संविधान के खिलाफ है तो...'

इसके साथ ही सीजेआई गवई ने ये भी साफ किया कि भारतीय संविधान ने तीनों संस्थाओं, विधायिका (लॉ बनाने वाली संस्था), कार्यपालिका (सरकार चलाने वाली संस्था) और न्यायपालिका (न्याय देने वाली संस्था) की सीमाएं तय की है. गवई ने कहा, 'कानून बनाना संसद और विधानसभाओं का काम है. सरकार को संविधान के अनुसार काम करना चाहिए. लेकिन अगर कोई कानून संविधान के खिलाफ है तो न्यायपालिका को उसमें दखल देने का हक है'.

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, रविवार, 29 जून 2025

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली



# भ्रष्ट नगरपालिका अधिकारी को पदोन्नति, लोगों में संभ्रम

> कमिश्नर और प्रमुख सचिव के खिलाफ दायर होगी आपराधिक याचिका
> पूर्व नगरसेवक पप्पू देशमुख की कड़ी चेतावनी

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

मनपा के पूर्व नगरसेवक और जन विकास सेना के संस्थापक अध्यक्ष पप्पू देशमुख ने नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव को लिखित शिकायत देकर 234 करोड़ और 270 करोड़ रुपए की अमृत-1 और अमृत-2 जलापूर्ति योजना, 506 करोड़ रुपए की अमृत सीवेज निपटान योजना, शहर में विभिन्न स्थानों पर फव्वारे लगाने, रामाला झील के पुनरोद्धार और सौंदर्यीकरण, 100 करोड़ रुपए के कचरा संग्रहण और परिवहन कार्य, संपत्ति कर निर्धारण और प्रचार ठेके, कोरोना अवधि के दौरान भोजन की व्यवस्था और संपत्ति का पुनर्मूल्यांकन जैसे करोड़ों रुपए के विभिन्न कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था. 12 जुलाई 2024 को देशमुख ने मंत्रालय में नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव को एक पत्र सौंपकर विभिन्न कार्यों में हुए घोटालों की एसआईटी से जांच कराने की मांग की थी. लेकिन नगरीय विकास विभाग ने मनपा में हुए घोटालों की जांच करने के बजाय मनपा के भ्रष्ट आयुक्त विपिन पालीवाल को पदोन्नत कर दिया. इस घटना से नाराज होकर देशमुख ने 24 जून 2025 को प्रधान सचिव को पत्र लिखकर न्यायालय में आपराधिक याचिका दायर करने की चेतावनी दी। इतना ही नहीं, उन्होंने प्रधान सचिव को सीधे आपराधिक याचिका में फंसाने की लिखित चेतावनी भी दी। देशमुख ने आरोप लगाया कि चंद्रपुर महानगरपालिका में अब तक जितने भी घोटाले हुए हैं, साथ ही भ्रष्ट आयुक्त विपिन पालीवाल को मंत्रालय में नगर विकास विभाग द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। देशमुख ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य के मुख्य सचिव से नगर विकास विभाग के उन अधिकारियों के खिलाफ लिखित शिकायत की है, जिन्होंने भ्रष्ट आयुक्त पालीवाल को पदोन्नति देकर पुरस्कृत किया।

## विधायक सुधाकर अड़बले पेश करेंगे 'अधिकारों के हनन' का प्रस्ताव

पूर्व नगरसेवक पप्पू देशमुख ने मनपा में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर नागपुर संभाग शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक सुधाकर अड्डबले को पत्र लिखा था। विधायक अड्डबले ने 12 जुलाई 2024 को नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर मनपा में हुए सभी घोटालों की एसआईटी से जांच कराने की मांग की थी। हालांकि आज तक प्रधान सचिव कार्यालय ने इस मामले में विधायक अड्डबले को कोई जानकारी नहीं दी है। इसलिए विधायक अड्डबले ने आश्वासन दिया कि वे आगामी मानसून सत्र में विधान परिषद में अधिकारों के हनन का प्रस्ताव पेश करेंगे और चंद्रपुर मनपा तथा नगर विकास विभाग के सभी भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आगे आएंगे।

# चंद्रपुर नगर निगम आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई करें : राजेश बेले

**चंद्रपुर.**




चंद्रपुर मलनिसारण केंद्र, पठानपुरा में विश्वराज इनवोरमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने सरकारी जमीन पर सोलर पैनल लगाकर अवैध अतिक्रमण करने के संबंध में संजीवनी पर्यावरण सामाजिक संस्था के संस्थापक अध्यक्ष राजेश बेले ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, चंद्रपुर जिले के पालकमंत्री अशोक उइके और चंद्रपुर जिला अधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है।

विश्वराज इनवोरमेंट प्राइवेट लिमिटेड नामक निजी कंपनी ने चंद्रपुर शहर नगर निगम के अंतर्गत आने वाले मलनिसारण शुद्धिकरण केंद्र, पठानपुरा में निजी संपत्ति में सोलर पैनल लगाकर सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण किया है।

इसके साथ ही यह भी जानकारी मिली है कि चंद्रपुर शहर नगर निगम आयुक्त विपिन पालीवाल ने संबंधित कंपनी से वित्तीय लाभ लिया है और सरकारी जमीन पर अवैध रूप से सोलर पैनल लगाने की अनुमति दी है, जिसके कारण उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया है और यह मामला बहुत गंभीर है।

इस मामले की गहन जांच की जानी चाहिए और दोषी अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। सरकारी जमीन पर लगे अवैध सोलर पैनल को तुरंत हटाया जाना चाहिए और जमीन को चंद्रपुर शहर नगर निगम के स्वामित्व में वापस लाया जाना चाहिए। ताकि भविष्य में इस तरह के अतिक्रमण न हों, संबंधित अधिकारी पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। यह शिकायत जनहित की रक्षा के उद्देश्य से प्रस्तुत की जा रही है। हमें उम्मीद है कि आप इस मामले पर गौर करेंगे और तुरंत कार्रवाई करेंगे।

ऐसी जानकारी राजेश वारलुजी बेले संस्थापक-अध्यक्ष संजीवनी पर्यावरण सामाजिक संस्था ने प्रेस विज्ञप्ति द्वारा दी.

# प्रदूषण नियंत्रण अभियान के लिए आयुक्त के निर्देश

> राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत समीक्षा बैठक

**चंद्रपुर.**



वैसे तो सरकार प्रदूषण से मुक्ति के लिए विभिन्न उपाय कर रही है, लेकिन इस अभियान में सभी को भाग लेना चाहिए। चंद्रपुर शहर में वायु प्रदूषण का स्तर निर्धारित मानक से अधिक और खतरनाक होने के कारण सभी सरकारी विभागों को प्रदूषण नियंत्रण के लिए अभियान चलाना चाहिए, ऐसा कहना है राष्ट्रीय स्वच्छ वायु समिति, चंद्रपुर के अध्यक्ष आयुक्त विपिन पालीवाल का, जिन्होंने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित समीक्षा बैठक में कहा।

हमारे शहर में वाहनों और कारखानों से बहुत प्रदूषण होता है, लेकिन रबर के टायर, पराली और अन्य कचरे को जलाने से बहुत अधिक धुआं निकलता है और हवा में कार्बन फैलता है। अगर सुबह और शाम कोयला जलाया जाए तो उसका धुआं हमारी सांसों के स्तर तक पहुंचता है और तब यह खतरनाक होता है। उन्होंने आरटीओ कार्यालय को अगले कुछ दिनों तक अभियान चलाने के निर्देश भी दिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शहर में सभी वाहन पीयूसी प्रमाणित हों।

नई पीढ़ी को स्वच्छ हवा, स्वच्छ पानी और स्वच्छ सड़कें उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। इस बारे में हमारे शहर, समाज और परिवार में जागरूकता पैदा की जानी चाहिए। सीवेज और कचरे का उचित तरीके से निपटान करना आवश्यक है। उन्होंने नगर निगम के सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिया कि वे इस बात पर विशेष ध्यान दें कि कचरा न जलाया जाए।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन योजना, स्वास्थ्य क्षेत्र योजना, परिवहन क्षेत्र योजना, औद्योगिक क्षेत्र योजना, ध्वनि प्रदूषण क्षेत्र योजना, शहर में प्रदूषण नियंत्रण एवं भविष्य की कार्ययोजना विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

बैठक में एनआईआरआई की वैज्ञानिक डॉ. प्रभा राव, अतिरिक्त आयुक्त चंदन पाटिल, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के उप क्षेत्रीय अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति अधिकारी, पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता, सीटीपीएस के महाप्रबंधक, फेरो अलॉय के महाप्रबंधक, डब्ल्यूसीएल के महाप्रबंधक (पर्यावरण), आरटीओ के उप क्षेत्रीय अधिकारी, पुलिस उप निरीक्षक (यातायात), शहर अभियंता रवींद्र हजारे, डॉ. अमोल शेलके, सुरेश चोपने, इको प्रो के अध्यक्ष, योगनृत्य के गोपाल मुंधड़ा उपस्थित थे।

# हेलिकॉप्टर लेकर जाओ... लेकिन गांव/तालुका में आओ साहब!

## गढ़चिरोली जिला कांग्रेस का अनूठा आंदोलन, विभिन्न कार्यालयों में जाकर प्रशासन के प्रमुख अधिकारियों को ज्ञापन और हेलिकॉप्टर की प्रतिकृति दी

**गढ़चिरोली.**



भले ही राज्य के मुख्यमंत्री और गढ़चिरोली जिले के पालकमंत्री देवेंद्र जी फडणवीस ने पिछले तीन सालों से जिले के विकास की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले रखी है, लेकिन हकीकत में जिले के लोगों की समस्याएं कम होने की बजाय बढ़ती ही जा रही हैं। तूफान से हुए नुकसान के कारण किसानों को कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली है, जंगली हाथियों का उत्पात मचा हुआ है और उन पर अभी तक नियंत्रण नहीं हो पाया है, सुरजागड़ खदान में भारी यातायात के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं, सड़कों की दयनीय स्थिति है और इसके कारण जिला प्रशासन को मानसून पूर्व जिले में सड़कों को बंद करने पर मजबूर होना पड़ा है, इसके कारण जिले के नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है,1.

सरकार ने स्कूल के पहले दिन के वेलकम कार्यक्रम मे स्कूली विद्यार्थियों का स्वागत बड़े धूमधाम से किया, लेकिन उन्हीं स्कूली विद्यार्थियों के स्कूल जाने के लिए अच्छी और सुरक्षित बसें नहीं हैं, कई बसें जर्जर हो चुकी हैं, किसानों और नागरिकों को छोटी-बड़ी समस्याओं को लेकर बार-बार प्रशासनिक कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता है, कई ठेकेदारों के पास सरकारी कार्यों का भुगतान बकाया है, मानसून शुरू हो चुका है और कई घर मालिकों को अभी तक रेत नहीं मिली है, उनका भुगतान बकाया है, मनरेगा का पैसा अभी भी लंबित है, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बार-बार काटी जा रही है, जिले में बेरोजगार युवा अभी भी रोजगार की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिले में आने वाली परियोजनाओं के लिए किसानों से कोई चर्चा किए बिना सरकार ने भूमि अधिग्रहण की नीति अपना ली है अंधाधुंध तरीके से गैर कानूनी काम किया जा रहा है और ऐसी कई समस्याएं जिले के नागरिकों को झेलनी पड़ रही हैं।

इसलिए उम्मीद थी कि जिले के पालकमंत्री के तौर पर देवेंद्र फडणवीस स्वयं आकर लोगों की पीड़ा समझेंगे। लेकिन हकीकत में राज्य के मुख्यमंत्री और जिले के पालकमंत्री की भूमिका कार्यक्रम के लिए हेलीकॉप्टर से गढ़चिरौली आना और तुरंत नागपुर लौट जाना है। इतना ही नहीं जिले के शीर्ष पदों पर बैठे प्रशासनिक प्रमुख अधिकारियों की स्थिति भी यही है।

उनके पास आम लोगों से मिलने का समय नहीं है। आम नागरिक अगर उनके कार्यालय में मीटिंग के लिए जाते हैं तो संबंधित नागरिक को यह कहकर वापस भेज दिया जाता है कि साहब वीसी में या मीटिंग में व्यस्त हैं और जिले के किसानों, महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के लिए सिर्फ एयरकंडीशन कमरे में बैठकर निर्णय लिए जाते हैं, लेकिन हकीकत में उनकी समस्याएं कोई नहीं सुनता। इसलिए जिले के पालकमंत्री और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर आसीन अधिकारियों को जिले के आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के लिए गांव या कम से कम तालुका स्तर पर आना चाहिए, ऐसी मांग को लेकर गढ़चिरौली जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला अध्यक्ष महेंद्र ब्राह्मणवाडे के नेतृत्व में एक अनूठा आंदोलन किया गया, जिसमें "हेलीकॉप्टर ले लो; लेकिन गांव/तालुका में आओ, साहब!" का नारा दिया गया और विभिन्न कार्यालयों में जाकर अधिकारियों को हेलीकॉप्टर की प्रतिकृति और एक निवेदन दिया गया।

इस अवसर पर आरमोरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामदास मसराम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोहर पोरेटी, शहर अध्यक्ष सतीश विधाते, आरमोरी तालुका अध्यक्ष मिलिंद खोब्रागड़े, गढ़चिरौली तालुका अध्यक्ष वसंत राऊत, चामोर्शी तालुका अध्यक्ष प्रमोद भगत, धनोरा तालुका अध्यक्ष प्रशांत कोराम, पर्यावरण प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष रजनीकांत मोटघरे, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नितेश राठोड, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष भूपेश कोलते, परिवहन प्रकोष्ठ अध्यक्ष रूपी टिकले, किसान टिकले, सेल अध्यक्ष वामनराव सावसाकड़े, शंकर सालोटकर, प्रभाकर वासेकर, विनोद लेनगुरे, नेताजी गावतुरे, दिवाकर निसार, घनश्याम वाड़ई, रमेश चौधरी, अनिल कोठारे, दिलीप घोडाम, भैयाजी मुद्दमवार, नंदू नरोटे, गुलाब मडावी, लालाजी सातपुते, चन्द्रशेखर धकाते, महेश जकावर, वेंकटस्वामी जकावर, प्रभाकर कुबड़े, जीतेन्द्र मुनघाटे, विजय सुपारे, शालिक पात्रे, श्रीनिवास ताटपल्लीवार, कुलदीप इंदोरकर, काशीनाथ भड़के, उत्तम ठाकरे, चारु पोहने, संदीप भैसारे, हेमंत मोहितकर, राकेश रत्नावार, देवेन्द्र ब्राह्मणवाड़े, उमेश आखाडे, मनोज ढोरे, स्वप्निल ताडाम, स्वप्निल बेहरे, दीपक चौधरी, आशा मेश्राम, अपर्णा खेवले, रीता गोवर्धन, शालिनी पेंदाम, कविता उराडे, सिद्धार्थ शेंडे, दीपक इस अवसर पर चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, किसान, महिलाएं एवं युवा उपस्थित थे।

# सांसद प्रतिभा धानोरकर की दुर्घटना-प्रभावित महिला को सहायता

**चंद्रपुर,**



चंद्रपुर में रेलवे क्रॉसिंग के पास कुछ दिन पहले हुए भीषण हादसे में मुधोली, तालुका भद्रावती निवासी रामकला रामचंद्र सिडाम नामक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं और मस्तिष्क में रक्तस्राव के कारण उसकी हालत गंभीर हो गई है। इसकी जानकारी मिलने पर सांसद प्रतिभा धानोरकर ने तत्काल रामकला की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। उनके माध्यम से सुयोग भोयर ने उसके बेटे धर्मा को आर्थिक सहायता प्रदान की है। दुर्घटना की शिकार रामकला का बेटा धर्मा बहुत ही गरीब परिवार से है और आर्थिक रूप से भी बहुत कमजोर है। वह वर्तमान में चंद्रपुर में बीएसडब्ल्यू द्वितीय वर्ष का छात्र है और सरकारी छात्रावास क्रमांक 2 में रहकर पढ़ाई कर रहा है। उसके परिवार के पास कोई अचल संपत्ति नहीं है। धर्मा के पिता का देहांत 2017 में हो गया था और रामकला मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही थी। धर्मा एक तरफ अपनी पढ़ाई और दूसरी तरफ अपनी मां के इलाज और परिवार की दोहरी जिम्मेदारी से जूझ रहा था, तभी यह दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना घटी। फिलहाल रामकला का चंद्रपुर के दीक्षित अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने कहा है कि उसके इलाज के लिए बड़ी आर्थिक मदद की जरूरत है। सांसद प्रतिभा धानोरकर ने तत्काल सहायता देकर मानवता की मिसाल पेश की है।

# कांग्रेस की पूर्व महिला जिला अध्यक्ष नंदा अल्लुरवार भाजपा में शामिल

> विधायक किशोर जोरगेवार और विधायक बंटी भांगड़िया के नेतृत्व में हुई पार्टी में शामिल

**चंद्रपुर.**



कांग्रेस की पूर्व महिला जिला अध्यक्ष नंदा अल्लूरवार ने औपचारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। विधायक किशोर जोरघेवार के विवेक नगर स्थित गजानन निवास पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक किशोर जोरगेवार एवं विधायक कीर्तिकुमार (बंटी) भांगड़िया की उपस्थिति में नंदा अल्लूरवार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष सुभाष कासनगोट्टुवार , प्रदेश आमंत्रित विशेष सदस्य तुषार सोम, दशरथ सिंह ठाकुर, भाजपा नेता प्रकाश देवतले, भाजपा नेता रवि गुरनुले, जिला सेंट्रल बैंक के उपाध्यक्ष यशवन्त दिघोरे , संचालक आवेश पठाण , संजय डांगरे , गणेश तड़वेकर , ब्रह्मपुरी नगर परिषद सदस्य विलास निखार , कृषि उपज बाजार समिति सदस्य राजू बोरकर , अमोल शेंडे, करणसिंह बैस, कार्तिक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सुभाष कासनगोट्टुवार ने अल्लूरवार के गले में भारतीय जनता पार्टी का दुपट्टा डाल कर उनका स्वागत किया.

नंदा अल्लुरवार पूर्व मंत्री स्वर्गीय वामनराव गद्दमवार की बेटी हैं और उनके परिवार की जिले की राजनीति में मजबूत दखल है। वे तीस साल से अधिक समय तक चंद्रपुर जिला सहकारी बैंक की निदेशक रही हैं और उन्होंने सहकारिता, महिला विकास और सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया है। शहर कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर रहते हुए उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए विशेष प्रयास किए। भाजपा में शामिल होते समय नंदा अल्लुरवार ने कहा , " आज मैं भारतीय जनता पार्टी में शामिल होते हुए बहुत खुश हूं। मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नेतृत्व , उनका विकास दृष्टिकोण , आम आदमी के लिए उठाए गए विभिन्न कदम और महिला सशक्तिकरण की नीति पसंद है। चंद्रपुर जिले में विधायक किशोर जोरगेवार और विधायक कीर्तिकुमार भांगड़िया ने विकास कार्य किए हैं। मैंने विश्वास व्यक्त किया कि मैं उनके साथ काम करके लोगों के लिए और अधिक योगदान दे सकती हूं।"

इस एंट्री से राजनीतिक समीकरण बदलने की संभावना है। माना जा रहा है कि नंदा अल्लुरवार का कांग्रेस में लंबा अनुभव, सहकारिता क्षेत्र में उनका दबदबा और महिलाओं के बीच उनकी लोकप्रियता भाजपा संगठन को और मजबूत करेगी ।

इस अवसर पर विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा , " नंदा अल्लुरवार एक अनुभवी, दृढ़ इच्छाशक्ति वाले और सामाजिक रूप से जुड़े कार्यकर्ता हैं। महिला सशक्तिकरण और सहकारिता आंदोलन में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके भाजपा में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।"

विधायक कीर्तिकुमार (बंटी) भांगड़िया ने कहा , "नंदा अल्लुरवार भाजपा में शामिल होकर हमारे परिवार में शामिल हो गई हैं। वह लंबे समय से सहकारी क्षेत्र के लोगों के साथ निकट संपर्क में रही हैं। उनका अनुभव , लोगों से निकटता पार्टी संगठन और विकास के लिए मूल्यवान होगी। हम सभी चंद्रपुर जिले में भाजपा की ताकत बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगे. माना जा रहा है कि नंदा अल्लुरवार के भाजपा में आने से चंद्रपुर की राजनीति में नए घटनाक्रम को बल मिलेगा । साथ ही यह भी माना जा रहा है कि पुराने कांग्रेस नेतृत्व से किसी बड़े नाम के भाजपा में शामिल होने से भाजपा की स्थानीय स्तर की रणनीति को मजबूती मिलेगी और आगामी स्थानीय चुनावों पर भी इसका असर पड़ सकता है।




CMYK

**सुविचार**

अनुमान मन की कल्पना है
और अनुभव जिंदगी का सबक है.

# रोज सुबह खाली पेट पीकर देखें यह मैजिकल वॉटर

### तेजी से कम होने लगेगी बाहर निकली हुई तोंद

❑ क्या सुबह उठते ही सबसे पहले नजर अपनी बढ़ती हुई तोंद पर जाती है? क्या अलमारी में रखे आपके पसंदीदा कपड़े अब फिट नहीं होते और हर बार शीशे के सामने खड़े होकर एक गहरी आह निकलती है? अगर इन सवालों का जवाब 'हां' है, तो आप अकेले नहीं हैं। दरअसल, इसका हल आपकी रसोई में ही मौजूद है। जी हां, एक ऐसा जादुई पानी जो न केवल आपकी तोंद को तेजी से कम करेगा, बल्कि आपको अंदर से तरोताजा और हल्का महसूस कराएगा? आइए जानते हैं इस 'मैजिकल वॉटर' के बारे में, जो दिला सकता है आपको बेली फैट से छुटकारा कौन-सा है यह मैजिकल वॉटर? हम बात कर रहे हैं, पुदीने के पानी की! जी हां, वही पुदीना जो हमारी चटनी का स्वाद बढ़ाता है और शरबत में ताजगी भरता है। पुदीना सिर्फ स्वाद ही नहीं, बल्कि सेहत का खजाना भी है, खासकर पेट की चर्बी कम करने के लिए। डाइजेशन को बेहतर बनाए: पुदीना आपके पाचन तंत्र को मजबूत करता है। जब आपका पाचन सही होता है, तो खाना ठीक से पचता है और शरीर में चर्बी जमा नहीं होती। मेटाबॉलिज्म बढ़ाए: मेटाबॉलिज्म वह प्रक्रिया है जिससे आपका शरीर भोजन को एनर्जी में बदलता है। पुदीना मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे आपका शरीर ज्यादा कैलोरी बर्न करता है। पेट की सूजन कम करे: कई बार पेट की चर्बी केवल चर्बी नहीं होती, बल्कि गैस और सूजन के कारण भी पेट फूला हुआ लगता है। पुदीना पेट की सूजन को कम करने में बहुत प्रभावी है। टॉक्सिन्स को बाहर निकाले: यह शरीर से हानिकारक टॉक्सिन्स (विषैले पदार्थों) को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे आपका शरीर अंदर से साफ और स्वस्थ रहता है। भूख कम करे: पुदीने की खुशबू और स्वाद भूख को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं, जिससे आप बेवजह ज्यादा खाने से बचते हैं।

# एआई की चकाचौंध में कहीं खो न जाए इंसान की जरूरत




❑ कभी मेला सजता था तो तसवीर खिंचवाने की दुकान ढूंढी जाती थी। झील का बैकग्राउंड, नया जोड़ा, पूरा परिवार सब मुस्कुराते थे उस एक याद के लिए। अब? बस एक क्लिक, एक ऐप, और एआई आपको पेरिस से गोवा तक पहुंचा देता है. बिना घर से निकले। लेकिन उस तस्वीर खींचने वाले का क्या? वह जो अपनी दुनिया समेटे अब किसी और काम की तलाश में भटक रहा है। यह कहानी सिर्फ उसकी नहीं, उन हजारों-लाखों लोगों की है जिनकी मेहनत को अब 'ऑटोमेट' कर दिया गया है।

न्यूज़ चैनलों में एआई एंकर, कॉल सेंटर्स में वर्चुअल असिस्टेंट, और ऑफिस में रिपोर्ट तैयार करने वाला टूल – इन सबने इंसानी नौकरियों को धीरे-धीरे किनारे लगाना शुरू कर दिया है।कंपनियों के लिए यह मुनाफे का सौदा हो सकता है, लेकिन जिनकी रोटी छीनी जा रही है, उनके लिए ये क्रांति नहीं, चिंता है।

इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट भी यही कहती है. महिलाओं की नौकरियां पुरुषों की तुलना में तीन गुना ज्यादा खतरे में हैं। भारत जैसे देश में, जहां पहले से ही महिला श्रम भागीदारी कम है, यह चेतावनी और भी गंभीर है। सवाल यह नहीं है कि एआई को रोका जाए, बल्कि यह है कि क्या हम एक ऐसी दुनिया बना सकते हैं जहां तकनीक और इंसान साथ-साथ आगे बढ़ें? सबसे पहला सवाल यही है कि एआई सबसे ज्यादा किस तरह की नौकरियों पर खतरा बना बैठा है। रिपोर्ट की मानें तो एंट्री लेवल की नौकरियों को एआई की वजह से सबसे ज्यादा खतरा है। पहले जिस काम को करने में ज्यादा वक्त और ज्यादा लोगों की जरूरत पड़ती थी, वही काम अब एआई की मदद से कम समय और कम लोगों से पूरा हो जाता है। इस तरह के काम में कैशियर, टाइपिस्ट, डाटा एंट्री, ट्रांसलेटर, कंटेंट राइटर जैसी नौकरियां आती हैं। इनमें कई लोगों को घर बैठे भी काम मिल रहा है। घरेलू महिलाएं ज्यादातर ऐसी नौकरियां पसंद करती हैं ताकि परिवार और बच्चों की जिम्मेदारियां संभालते हुए वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन सकें। इस स्तर पर देखा जाए तो भारत में भी महिलाएं एआई की वजह से प्रभावित हो सकती हैं।

# माइक्रोप्लास्टिक पहुंच रहा है मस्तिष्क तक

### > बढ़ रहा है स्ट्रोक और डिप्रेशन का खतरा



❑ प्लास्टिक का दुष्प्रभाव अब केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहा। माइक्रोप्लास्टिक – यानी प्लास्टिक के सूक्ष्म कण अब मानव मस्तिष्क तक पहुंचकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर रहे हैं।

'जामा' और 'साइंस एडवांसेस' जैसी प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नलों में प्रकाशित शोधों ने यह उजागर किया है कि पॉली-प्रोपलीन और नायलोन जैसे माइक्रोप्लास्टिक तत्व खासकर मस्तिष्क में अधिक मात्रा में जमा होते हैं। ये कण रक्त प्रवाह को बाधित करते हैं, जिससे अवसाद (डिप्रेशन), एंग्जाइटी (चिंता), और स्ट्रोक जैसी न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ जाता है।

माइक्रोप्लास्टिक वो सूक्ष्म प्लास्टिक कण हैं जिनका आकार 5 मिलीमीटर से भी छोटा होता है। ये दो तरह से बनते हैं: बड़े प्लास्टिक कचरे के टूटने से कॉस्मेटिक्स, टायर्स, और सिंथेटिक कपड़ों जैसी चीज़ों से सीधे मिलाए गए कणों के रूप में अब ये हमारे खाद्य पदार्थों, पीने के पानी और हवा में इस कदर घुल चुके हैं कि पूरी तरह बच पाना लगभग नामुमकिन हो गया है।

**कैसे पहुंचते हैं शरीर में?** माइक्रोप्लास्टिक कण भोजन के ज़रिए पेट में, सांस के ज़रिए फेफड़ों में,और त्वचा के ज़रिए खून में घुस जाते हैं और धीरे-धीरे शरीर के संवेदनशील अंगों तक पहुंचने लगते हैं।

**स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव:**

न्यूरोलॉजिकल समस्याएं जैसे स्ट्रोक, अवसाद और चिंता, हार्मोनल असंतुलन, सूजन और कोशिका क्षति कैंसर और प्रजनन क्षमता पर प्रभाव की आशंका भी जताई गई है

**क्या किया जा सकता है? :** माइक्रोप्लास्टिक के प्रभाव को पूरी तरह खत्म करना तो मुश्किल है, लेकिन कुछ जरूरी कदम नुकसान को कम कर सकते हैं:प्लास्टिक की बोतलों की जगह स्टील या ग्लास का उपयोग करें

फिल्टर्ड और पैकिंग-फ्री पानी पिएं, सिंथेटिक कपड़ों की जगह प्राकृतिक फाइबर (जैसे कॉटन, लिनन) अपनाएं, सिंगल यूज़ प्लास्टिक को त्यागें, समुद्र और नदियों में प्लास्टिक फेंकने से बचें.

# बच्चों को स्कूल लंच में रोज-रोज ना दें ये 5 चीजें, बच्चों की फेवरेट मैगी

❑ मैगी या इंस्टेंट नूडल्स के लिए प्यार, बच्चों से लेकर बड़ों में भी देखा जा सकता है। लेकिन सुबह की पहली मील में मैगी का सेवन, सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें मौजूद प्रिजर्वेटिव, सोडियम और मैदा बच्चों के पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है।

**आलू पराठा :** सुबह नाश्ते में अधिकतर परिवारों में आलू का पराठा बनाकर खाया जाता है। आलू का पराठा पेट तो भर देता है लेकिन कार्बोहाइड्रेट और वसा से भरपूर होता है। जिससे बच्चों में फाइबर और प्रोटीन की कमी पैदा हो सकती है। इसके अलावा यह पचाने में भी भारी होता है, जिससे बच्चे सुस्ती महसूस कर सकते हैं।

**सैंडविच :** सैंडविच बनाने के लिए जरूरी चीजों में सफेद ब्रेड, मक्खन, आलू और चीज की जरूरत पड़ती है। जो पोषण की कमी पैदा कर सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि सफेद ब्रेड, जिसे



मैदा से बनाया जाता है, में फाइबर की कमी होती है। जो बच्चों के बार-बार भूख लगने और मोटापे का कारण बन सकता है।

**मीठे स्नैक्स :** चॉकलेट, कैंडी, कुकीज, केक, मिठाइयां जैसी चीजें स्कूल लंच में पैक करके ना दें। इस तरह की चीजों में चीनी की मात्रा अधिक होने से दांतों की सड़न और एनर्जी लेवल लो हो सकता है। जिससे बच्चे को जल्दी थकान महसूस हो सकती है।

**स्पाइसी फूड :** च्चे के लंच में स्पाइसी फूड जैसे मसालेदार चटनी, तीखी सब्जियां, मिर्ची वाले स्नैक्स भी पैक ना करें। जरूरत से ज्यादा मसाले बच्चों के पेट को नुकसान पहुंचाकर उनके लिए स्कूल में असुविधा पैदा कर सकते हैं।

बच्चों को स्कूल टिफिन में हमेशा हेल्दी चीजें बनाकर दें। इसके लिए आप उसे शकरकंद के बेक्ड स्वीट पोटैटो फ्राइज, हरी सब्जियां और रोटी, अप्पे,वेजिटेबल इडली, सूजी या बेसन का चिल्ला बनाकर दे सकती हैं।

# आयुर्वेद में है महिलाओं की 3 कॉमन समस्याओं का इलाज

### इन 2 की बात करने में तो आज भी होती है झिझक

❑ महिलाओं को अक्सर कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। रोजमर्रा के जीवन में उन्हें अक्सर कई परेशानियां होती हैं, जिसकी वजह से उनकी फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर बुरा असर पड़ता है। इनमें से कुछ समस्याएं ऐसी भी हैं, जिनके बारे में वह अक्सर खुलकर बात नहीं करती और इसी वजह से उन्हें इन समस्याओं की वजह से लंबे समय तक परेशान रहना पड़ता है। ऐसे में आयुर्वेदिक डॉक्टर दीक्षा भावसार सावलिया ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर महिलाओं में होने वाली 3 सबसे कॉमन समस्याओं के आसान से उपायों के बारे में बताया। इन आर्युवेदिक नुस्खों की मदद से आसानी से इन समस्याओं राहत पा सकती हैं। आइए जानते हैं इन समस्याओं और इनके देसी इलाज के बारे में-

**कैसे करें इस्तेमाल :** इसके लिए 10 ग्राम (1 कटोरी) चावल लें और उन्हें एक बार धो लें। फिर इसमें 60-80 मिली पानी डालें और इसे मिट्टी के बर्तन/स्टेनलेस स्टील के कटोरे में 2-6 घंटे के लिए बंद करके रख दें।

अब यह पानी इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। इसे छान लें और पूरे दिन पीते रहें। इस चावल के पानी को 6-8 घंटे तक स्टोर किया जा सकता है। इसलिए बेहतर होगा अगर आप हर दिन ताजा चावल का पानी बनाएं।

**पीरियड आने में देरी या पीरियड्स में फ्लो कम होना :** इन दिनों पीरियड्स आने में देरी होना भी एक आम समस्या बन चुकी है, जिसकी वजह से महिलाओं को काफी परेशानी झेलने पड़ती हैं। ऐसे में आप डॉक्टर की बताई इस चाय का इस्तेमाल कर सकते हैं .

**चाय बनाने का तरीका :** सबसे पहले 1 गिलास पानी लें और उसमें 1 चम्मच मेथी, 1 चम्मच तिल, 1 छोटा टुकड़ा गुड़ (5 ग्राम) और 1 चम्मच हल्दी डालें। फिर इसे मीडियम आंच पर 5-7 मिनट तक उबालें। अब इसे छान लें और चाय की तरह गर्म ही घूंट-घूंट करके पिएं।

**कितनी हो डोज :** अगर आपके पीरियड्स में 3 या उससे ज्यादा महीने की देरी हो रही है, तो इस चाय को रोजाना सुबह 12 हफ्तों तक पिएं। अगर आपके मासिक धर्म में 1-2 महीने की देरी हो रही है, तो इसे अपने मासिक धर्म से 2 हफ्ते पहले से लेकर मासिक धर्म आने तक पीना शुरू करें। अगर आपके पीरियड्स में 15-25 दिन की देरी हो रही है, तो इसे अपने पीरियड से एक हफ्ते पहले से लेकर इसके आने तक पिएं।

**बाल झड़ने की समस्या :** आजकल हर कोई झड़ते बालों की समस्या से परेशान है। खासकर महिलाओं में ये समस्या सबसे ज्यादा देखने को मिलती है। ऐसे में डॉक्टर ने बताया कि आंवला मिक्स झड़ते बालों के लिए रामबाण इलाज साबित होगा।

**कैसे तैयार करें आंवला मिक्स :** आंवला मिक्स बनाने के लिए सबसे पहले आंवला, भृंगराज, ब्राह्मी और कढ़ी पत्ता पाउडर को बराबर मात्रा में मिला लें। इनमें से हर एक चीज को 25 ग्राम लें और सभी को एक साथ मिला लें। अब आप इसे मिलाकर रोजाना खाली पेट या रात को सोते समय घी या गुनगुने पानी के साथ 1 चम्मच ले सकते हैं। यह बालों के झड़ने को रोकने और बालों की ग्रोथ में सुधार करने और समय से पहले सफेद होने से रोकने में मदद करता है।

# बचपन की छोटी गलतियां बना सकती हैं बड़ी मुश्किलें

### > इन 5 आदतों को वक्त रहते सुधारें माता-पिता

❑ बचपन इंसान के जीवन की नींव होता है। यही वह समय है जब एक व्यक्ति के स्वभाव, सोच और व्यवहार की बुनियाद रखी जाती है। कई बार माता-पिता बच्चों की कुछ छोटी-छोटी बुरी आदतों को नजरअंदाज कर देते हैं, यह सोचकर कि वक़्त के साथ सब ठीक हो जाएगा। लेकिन यही लापरवाही भविष्य में बच्चे के व्यक्तित्व और परिवार की प्रतिष्ठा – दोनों के लिए खतरा बन सकती है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अगर बच्चों के गलत व्यवहार को समय रहते सुधारा जाए, तो न केवल वे जिम्मेदार इंसान बनते हैं, बल्कि परिवार का माहौल भी सकारात्मक और संतुलित बना रहता है। आइए जानते हैं वो 5 आदतें जो बच्चों में अगर दिखें तो तुरंत ध्यान देना चाहिए:

**बार-बार झूठ बोलना :** छोटी उम्र में बच्चे मस्ती या डांट से बचने के लिए झूठ बोल सकते हैं, लेकिन अगर यह आदत बार-बार होने लगे तो यह चरित्र निर्माण पर बुरा असर डालती है। ऐसे बच्चे धीरे-धीरे भरोसेमंद नहीं रहते और समाज में भी संदेह की नजर से देखे जाते हैं।

**बड़ों से बदतमीजी से बात करना:** जब बच्चा बड़ों को जवाब देने लगे, चिल्लाकर बात करे या शिष्टाचार न दिखाए, तो लोग सीधे पेरेंटिंग को दोष देते हैं। बच्चे को आदर देना, धैर्य से बात करना और बड़ों का सम्मान सिखाना बहुत जरूरी है।

**घर की बातें इधर-उधर करना :** बच्चों को यदि आदत हो जाए कि वे घर के एक सदस्य की बात दूसरे को जाकर बता दें, तो यह रिश्तों में दरार ला सकता है। इस आदत को वक्त रहते समझाना चाहिए, ताकि बच्चा समझदार और संवेदनशील बने।

**दूसरों की नकल कर मजाक उड़ाना :** अगर बच्चा दूसरों के हावभाव या कमजोरी की नकल करता है, तो यह संवेदनशीलता की कमी और असभ्यता का संकेत है। समझाएं कि हर किसी का मजाक उड़ाना गलत है, और सम्मान देना जरूरी है।

**जिम्मेदारी से बचना या काम में आलस करना :** अगर बच्चा हर बात में टालमटोल करता है या जिम्मेदारी से दूर भागता है, तो बड़े होकर वो आत्मनिर्भर नहीं बन पाता। उसे धीरे-धीरे छोटी जिम्मेदारियों में शामिल करें — जैसे अपना बैग खुद पैक करना या खाना खाने के बाद प्लेट हटाना।

**क्या कर सकते हैं माता-पिता?** : गलत आदतों को नज़रअंदाज़ न करें, शांत लेकिन दृढ़ता से समझाएं खुद एक रोल मॉडल बनें रिवार्ड एंड कंसिक्वेंस (इनाम और परिणाम) की स्पष्ट नीति अपनाएं बच्चों की बात धैर्य से सुनें, ताकि वो आप पर भरोसा करें प्यार और अनुशासन का सही संतुलन रखें.

# बुजुर्गों को नुकसान पहुंचा सकते हैं ये 4 फल, सेहत के लिए बरतें सावधानी

❑ फल पोषण से भरपूर होते हैं, लेकिन उम्र के साथ शरीर की जरूरतें और सहनशक्ति बदल जाती है। खासतौर पर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में पाचन धीमा हो जाता है, ब्लड शुगर कंट्रोल करना चुनौती बन जाता है और किडनी भी कमजोर पड़ सकती है। ऐसे में कुछ फल जो युवाओं के लिए वरदान माने जाते हैं, वही बुजुर्गों के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। आइए जानते हैं ऐसे 4 फलों के बारे में, जिनका सेवन बढ़ती उम्र में सोच-समझकर करना जरूरी है:

**1. आम :** फलों का राजा, लेकिन डायबिटीज वालों के लिए खतरा

आम में प्राकृतिक शुगर बहुत अधिक होती है। बुजुर्गों, खासतौर पर डायबिटीज से पीड़ित लोगों को आम बहुत सीमित मात्रा में खाना चाहिए।

क्या करें:खाली पेट आम न खाएं, एक बार में 2-3 स्लाइस से ज़्यादा नहीं, प्रोटीन युक्त भोजन के साथ खाएं, रात में आम खाने से बचें


**2. चीकू** – मीठा स्वाद, लेकिन वजन और शुगर बढ़ाने वाला

चीकू का स्वाद तो लाजवाब होता है, लेकिन इसमें शुगर कंटेंट बहुत ज्यादा होता है।

**खास चेतावनी:** डायबिटीज या मोटापे से जूझ रहे सीनियर्स को इससे दूरी बनानी चाहिए।

**3. लीची :** न्यूट्रिशन से भरपूर, मगर ज्यादा मीठी

लीची में पानी और विटामिन भरपूर होते हैं, लेकिन ये ब्लड शुगर लेवल को तेजी से बढ़ा सकती है।



**सावधानी:**1-2 लीची से ज्यादा न खाएं, सुबह या दोपहर में ही खाएं, शाम के वक्त लीची खाने से बचें

**4. तरबूज :** हाइड्रेशन बढ़ाए, पर शुगर भी

तरबूज का ग्लाइसेमिक इंडेक्स काफी हाई होता है, जिससे ब्लड शुगर तेजी से बढ़ता है।

**बुजुर्गों के लिए सुझाव:** सीमित मात्रा में खाएं, डायबिटीज पेशेंट तरबूज से परहेज़ करें, ब्लोटिंग से बचने के लिए धीरे-धीरे खाएं

**क्या करें सीनियर्स?**

डॉक्टर से सलाह लेकर ही डाइट चुनें फल खाते समय उनकी मात्रा और समय का ध्यान रखें हाई शुगर फलों से दूरी रखें, ताजे और कम मीठे फल जैसे पपीता, सेब, अमरूद को प्राथमिकता दें.

# सावन में हरा रंग ही है असली स्टाइल

### > इन आउटफिट्स में लगेंगी आप सबसे हटके

हर वर्ष आने वाला हिंदू कैलेंडर का पांचवा महीना सावन का महीना कहलाता है। इस पूरे महीने को भगवान शिव की भक्ति और साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ माना है। ऐसे में इस पूरे महीने शिवभक्त शिवालयों से लेकर घरों तक में पूजा अर्चना करके भोलेनाथ को प्रसन्न करते हैं।

ऐसी मान्यता है कि इस महीने हरे रंग के कपड़े पहनना भी काफी शुभ होता है, इसीलिए कुछ लोग सावन के सोमवार में पूजा के दौरान हरे रंग के ही आउटफिट पहनते हैं। यदि आप भी कुछ हरा आउटफिट पहनने का प्लान कर रही हैं तो यहां हम आपको इसके कुछ विकल्प देने जा रहे हैं। सावन के महीने में हर तरफ हरियाली रहती है, ऐसे में अगर आप ऐसी फ्लोरल हरी साड़ी पहनेंगी तो हर कोई आपको देखता रह जाएगा। हरे रंग की ऐसी साड़ी आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएगी। इसे कैरी करते समय अपने बालों में जूड़ा बनाएं। ज्वेलरी को भी थोड़ा हल्का ही रखें, क्योंकि आज-कल हैवी ज्वेलरी पहनने का ट्रेंड नहीं है।



बंधेज प्रिंट की साड़ी महिलाओं को खूब पसंद आती है। खासतौर पर अगर आप विवाहित हैं, तब तो ये आपके सावन लुक को और खूबसूरत बना देगी। इसके साथ कॉन्ट्रास्ट में ब्लाउज पहनें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

इसके साथ चाहें तो गले में चोकर पहनते हुए बालों को स्लीक स्टाइल में बांधें। इससे आपका लुक काफी सादगी भरा लगेगा। ये सूट ज्यादातर महिलाओं को अनारकली जैसा ही लगता है, जबकि ये अनारकली से काफी अलग होता है। इस सूट का अपर पार्ट अंगरखा के स्टाइल में होता है, इसलिए इसे अंगरखा सूट कहते हैं। यदि ये पहनना है तो इसके साथ बालों को कर्ल करके खुला रखें। ऐसे सूट के साथ पैरों में हील्स काफी कमाल की लगती हैं।

अनारकली सूट तो महिलाओं की पहली पसंद है ही। ये सूट देखने में रॉयल लगता है, और इसे कैरी करना भी काफी आसान होता है। ऐसे में अगर आप भी अनारकली सूट कैरी कर रही हैं तो उसके साथ दुपट्टा अवश्य लें, दुपट्टे से किसी भी सूट की खूबसूरती बढ़ जाती है।

अगर आपका पूरा सूट एकदम प्लेन है तो उसके साथ हैवी दुपट्टा अलग से कैरी कर लें, ताकि ये देखने में अच्छा लगे। हरा रंग काफी खूबसूरत होता है, ऐसे में इसके साथ आपको ज्यादा मेकअप और हैवी ज्वेलरी की जरूरत नहीं है। हरे आउटफिट की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए हाथों में चूड़ी पहनें और माथे पर बिंदी अवश्य लगाएं। साथ ही अपने मेकअप को भी लाइट रखकर तैयार हों।


# डॉक्टर ने बोला-बिना बाईपास जीना मुश्किल

## मरीज ईईसीपी के बाद हज यात्रा होकर आए



**डॉ. सचिन देव्हारे**
**संचालक**
**प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजिस्ट और मुग्धा ईईसीपी हार्ट केयर सेंटर**

शकील शेख यह पिछले 7-8 सालों से बीपी और शुगर से ग्रसित थे. तथा एक साल से हाइपोथाइरॉयड बीमारी से ग्रसित थे। उपचार शुरू होने के 2 महीने पहले ही उनको छाती में दर्द तथा घबराहट महसूस हुई जिस कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराकर उनके एंजियोग्राफी कराया गया जिसमें उनके हृदय की तीनों नलिकाएं 70 से 90% तक डिफ्यूज तरीके से बंद मिली थी और उन्होंने उनका स्वास्थ्य देखकर उन्हें जल्द से जल्द एंजियोप्लास्टी अथवा बाईपास ऑपरेशन करने की सलाह दी. अन्यथा अगला जीवन जोखिम भरा रहेगा यह सुनकर उन्होंने एंजियोप्लास्टी करने का डिसीजन लिया. परंतु हर जगह डिफ्यूज तरीके से तकलीफ होने के कारण उन्हें एंजियोप्लास्टी करने में भी तकलीफ हो रही थी इसी दौरान उनके परिचित इमरान दाऊदी ने उन्हें मुग्धा ईईसीपी एंड हार्ट केयर सेंटर के बारे में बताया और 20 साल से ज्यादा अनुभवी प्रीवेंटिव कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर सचिन देव्हारे का परामर्श लेने के लिए बोला। मिस्टर शकील शेख इन्होंने तुरंत वहां से छुट्टी लेकर उनकी पत्नी शाहीन शेख अजनी चौक स्थित मुग्धा ईईसीपी सेंटर में आकर जानकारी हासिल की कि यह एक यूएसएफडीए मान्यता प्राप्त एलोपैथिक ट्रीटमेंट है. जिसमे जिस प्रकार बाईपास ऑपरेशन से ग्राफ्टिंग करते हैं और अवरुद्ध रक्त संचार बढ़ाते हैं बस उसी प्रकार से हम ईईसीपी मशीन द्वारा हृदय की नलिकाओं पर प्रेशर देकर कॉलेटरल डेवलपमेंट करके नेचुरल बाईपास ही करते हैं। हार्ट अटैक में हृदय की नलिकाओं में अवरोध होने के कारण हृदय की मांसपेशियों को रक्त संचार नहीं मिलता और वह रक्त संचार हम एंजियोप्लास्टी, बाईपास ऑपरेशन या ईईसीपी उपचार से बढ़ा सकते हैं परंतु एंजियोप्लास्टी या बाईपास यह जोखिम भरी या जानलेवा हो सकता है और ईईसीपी उपचार पद्धति यह पूर्णतः नैसर्गिक बिना चिरफाड बिना साइड इफेक्ट वेदना रहित उपचार पद्धति है जीस द्वारा छोटी नलिकाओं को प्रेशर देकर बड़ी कोलैटरल वेसल बनाई जाती है हृदय की मांसपेशियों को रक्त संचार बढ़ गया तो मांसपेशियां फिर से रीजेनरेट हो जाती है उनकी ताकत बढ़ जाती है इस प्रकार उनका छाती का दर्द, सांस लेने की तकलीफ, हृदय का पंपिंग इसमें सुधार आ जाता है और रुग्ण बिना बाईपास बिना एंजियोप्लास्टी ही स्वस्थ हो जाता है. इस प्रकार डॉक्टर सचिन देव्हारेजी का अनुभव देखकर उन्होंने अपने रुग्ण का उपचार मुग्धा ईईसीपी हार्ट केयर सेंटर में करने का निश्चित किया और उन्होंने 35 एसीपी तथा 15 एसिटी इंजेक्शंस से उपचार शुरू करते ही 10 से 15 दिनों में ही उन्हें आराम मिलना शुरू हो गया धीरे-धीरे वह दो माला चढ़ना, मॉर्निंग वॉक करना, दुकान में जाना भी शुरू हो गए और उपचार खत्म होने तक वह अपनी दिनचर्या बिना तकलीफ व्यतीत करने लगे। जांच करने पर उनके 2ड़ी ईको तथा 3डी वास्कुलोग्राफी में भी सुधार नजर आया इस प्रकार जिन्हें बाईपास या एंजियोप्लास्टी न करने पर अगला जीवन कठिन तरीके से जाएगा ऐसा बताया गया था वह उपचार खत्म होते ही एक महीने में ही हज उमराह की यात्रा करने चले गए तथा बिना तकलीफ के अच्छे से यात्रा करके अपना जीवन पिछले दो सालों से अच्छी तरीके से गुजार रहे हैं। इस उपचार के लिए उन्होंने डॉक्टर सचिन देव्हारे तथा डॉक्टर रीता देव्हारे और मुग्धा ईईसीपी हार्ट केयर सेंटर के सभी कर्मचारियों का धन्यवाद किया और जिस किसी भी रुग्ण को एंजियोप्लास्टी या बाईपास बताया गया हो उन्हें आश्वस्त किया कि आपका उपचार यह ईईसीपी द्वारा भी हो सकता है और जो फायदा आपको बाईपास या एंजियोप्लास्टी में होता है वही फायदा हम बिना जान जोखिम में डालें ईईसीपी से भी मिला सकते हैं।



Dr Devhare's
US-FDA Approved
MUGDHA EECP & HEART CARE CENTER
"A Non Invasive Treatment For Coronary Artery Disease"

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# लुआन-ड्री प्रिटोरियस ने टेस्ट डेब्यू पर जड़ा शतक



**नई दिल्ली.** आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए वैभव सूर्यवंशी ने क्रिकेट की दुनिया में अपनी अलग ही पहचान बना ली. उनके लिए ये सीजन काफी यादगार रहा. अब राजस्थान रॉयल्स के एक और खिलाड़ी ने इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करते हुए तहलका मचा दिया है. इस खिलाड़ी ने टेस्ट में अपनी पहली ही पारी में शतक जड़ने का कारनामा किया है. इस खिलाड़ी का नाम लुआन-ड्री प्रिटोरियस है. लुआन-ड्री प्रिटोरियस ने ये यादगार पारी साउथ अफ्रीका के लिए डेब्यू करते हुए जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली.

**19 की उम्र में डेब्यू टेस्ट में जड़ा शतक**

28 जून 2025 को शुरू हुई साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में एक नया सितारा उभर कर सामने आया है. साउथ अफ्रीका के युवा बल्लेबाज लुआन-ड्री प्रिटोरियस ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत शानदार शतक के साथ की, जो क्रिकेट फैंस के लिए एक रोमांचक पल बन गया. सिर्फ 19 साल की उम्र में प्रिटोरियस ने डेब्यू करते हुए 112 गेंदों पर शतक जड़ा, जिसमें 7 चौके और 2 छक्के शामिल रहे.

**मुश्किल स्थिति से टीम को उबरा**

प्रिटोरियस बल्लेबाजी के लिए आए, तो साउथ अफ्रीका की टीम 23 रन पर तीन विकेट खो चुकी थी. यह स्थिति टीम के लिए चिंता का विषय थी, लेकिन प्रिटोरियस ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए शानदार प्रदर्शन किया. अपनी पारी में उन्होंने संयम और आक्रामकता का मिश्रण दिखाया, जिससे टीम को मजबूत स्थिति में लाने में मदद मिली. उनका यह शतक न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि टीम के लिए भी एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ. लुआन-ड्री प्रिटोरियस ने घरेलू क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ी थी, और अब इंटरनेशनल लेवल पर उनकी शुरुआत शानदार रही है.बता दें, लुआन-ड्री प्रिटोरियस पिछले 9 साल में साउथ अफ्रीका की ओर से डेब्यू टेस्ट में शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं. उनसे पहले साल 2016 में स्टीफन कुक ने ये कमाल किया था. उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू करते हुए शतक लगाया था. वहीं, लुआन-ड्री प्रिटोरियस साउथ अफ्रीका के सिर्फ 7वें ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने डेब्यू टेस्ट में 100 रन का आंकड़ा छुआ है.

# शेफाली वर्मा की टीम इंडिया में वापसी

## इंग्लैंड दौरे पर सबकी निगाहें



**लंदन.** भारतीय महिला टीम इस वक्त इंग्लैंड के दौरे पर है, जहां वो मेजबान टीम के साथ तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलने जा रही है. दौरे की शुरुआत टी20 सीरीज से हो रही है. इस सीरीज के साथ ही युवा ओपनर शेफाली वर्मा की लगभग 8 महीने के बाद टीम इंडिया में वापसी हो रही है. ऐसे में इस सीरीज में सारी नजरें उन पर रहेंगी. उन्होंने इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ 29 अक्टूबर, 2024 को वनडे मैच खेला था. मगर खराब फॉर्म के कारण उन्हें ड्रॉप कर दिया गया था. अब उनकी वापसी हो रही है और इसमें महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का बड़ा रोल है. खुद शेफाली ने इसको लेकर एक मजेदार खुलासा किया है.

**सचिन की पारियां देखकर मिला हौसला**

बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पहले अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर की है जिसमें शेफाली वर्मा ने कहा, 'पहले मुझे लगता था कि हर गेंद पर चौका या छक्का मारना चाहिए लेकिन, फिर मुझे एहसास हुआ कि अच्छी गेंद को सम्मान भी देना जरूरी है. मैंने सचिन सर की टेस्ट पारी देखी और उससे मुझे काफी प्रोत्साहन मिला. मुझे अपने बचपन के दिन याद आ गए जब मैं एक भी मैच मिस नहीं करती थी. मुझे सभी मैच देखने होते थे.'

**टीम में नहीं मिली थी जगह**

टीम इंडिया ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज खेली थी जिसमें शेफाली वर्मा को ड्रॉप कर दिया गया था. इसको लेकर भारतीय खिलाड़ी ने कहा, 'जब भी आप वापसी करते हैं तो आपको मुश्किल परिस्थिति से गुजरना पड़ता है, लेकिन जब आप टीम के माहौल में वापस आते हैं तो ये सच में बहुत अच्छी फीलिंग होती है. खुश हूं कि मेरी वापसी हो गई है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से 10 दिन पहले मेरे पिता को हार्ट अटैक आया था और वो मेरे लिए काफी मुश्किल समय था. इसके बाद मुझे टीम में भी जगह नहीं मिली थी. 20 से 25 दिन मैंने अपनी फिटनेस पर काम किया और मेरे पापा भी रिकवर कर गए थे. घरेलू क्रिकेट से पहले सब चीजें बेहतर हो गई थी. मैंने काफी समस्या झेली है लेकिन अभी मेरा पूरा फोकस इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज पर है. इतने समय बाद जर्सी मिलना बहुत ही बड़ी बात है.'

**टी20 सीरीज के लिए तैयार टीम इंडिया**

भारतीय महिला टीम की खिलाड़ियों ने इस सीरीज के लिए काफी मेहनत की है. उन्होंने नेट्स में जमकर प्रैक्टिस की है और अब सभी खिलाड़ी इस प्रैक्टिस को मैदान पर धमाकेदार प्रदर्शन में बदलना चाहेंगे.

शेफाली वर्मा भी इस टी20 सीरीज में आक्रामक बल्लेबाजी करना चाहेंगी. इस पांच मैच की टी20 सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच तीन मैच की वनडे सीरीज खेली जाएगी जिसकी शुरुआत 16 जुलाई से हो रही है.

# नीरज बने दुनिया के नंबर-1 जैवलिन थ्रोअर




**नई दिल्ली.** भारत के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है. वो दुनिया के नंबर-1 जैवलिन थ्रोअर बन गए हैं. उन्होंने ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़कर ये मुकाम हासिल किया. पाकिस्तान के अरशद नदीम जैवलिन थ्रो की वर्ल्ड रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं. भारत के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के 1445 पॉइंट हैं, जबकि पीटर्स उनसे 14 अंक पीछे हैं. उनके 1431 पॉइंट्स हैं. 1407 पॉइंट के साथ जर्मनी के जूलियन वेबर तीसरे स्थान पर हैं. जबकि अरशद नदीम 1370 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं. नीरज चोपड़ा ने इस साल काफी अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसकी वजह से उन्होंने ये मुकाम हासिल कर लिया है.

**कैसे हासिल की ये उपलब्धि?**

भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने 17 सितंबर 2024 को पेरिस ओलिंपिक के बाद नंबर-1 की रैंकिंग गंवा दी थी, लेकिन उन्होंने लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए इसे फिर से हासिल कर लिया है. दो बार के ओलंपिक पदक विजेता इस खिलाड़ी ने इस सीजन का आगाज साउथ अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में इनविटेशनल टूर्नामेंट जीतकर की थी. इसके बाद डायमंड लीग के दोहा लेग में नीरज चोपड़ा ने 90.23 मीटर का थ्रो करके नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया था और प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब में शामिल हो गए. हालांकि उन्हें इस प्रतियोगिता में दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा था. इसके अलावा नीरज ने फिर पोलैंड में जानुज कुसोकिंस्की मेमोरियल में सिल्वर मेडर हासिल किया था.

**तीन साल पहले पीटर्स से हारे थे नीरज**

नीरज चोपड़ा साल 2022 में आखिरी बार एंडरसन पीटर्स से हारे थे. उस मुकाबले में पीटर्स ने 89.91 मीटर का थ्रो करके गोल्ड मेडल जीता था, जबकि नीरज 88.39 मीटर थ्रो करके दूसरे स्थान पर रहे थे. इसके बाद से नीरज ने लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए पीटर्स को हर मुकाबले में पीछे छोड़ा है. अब तो उनका आमने-सामने का रिकॉर्ड भी 165 हो गया है. ताजा वर्ल्ड रैंकिंग टोक्यो 2020 के सिल्वर विजेता चेक गणराज्य के याकुब वाडलेज पांचवें स्थान पर हैं.

**इस प्रतियोगिता में आएंगे नजर**

5 जुलाई से बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतरराष्ट्रीय जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता का आयोजन बेंगलुरु में किया जा रहा.

इसमें दुनिया के कई बेस्ट खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं. इसके अलावा भारत के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा सहित 5 भारतीय खिलाड़ी भी इसमें अपना दम दिखाएंगे. भारत में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिल गई है.

# थर्ड अंपायर के विवादित फैसलों पर भड़के रॉस्टन चेज




**ब्रिजटाउन.** वेस्टइंडीज के नए कप्तान रॉस्टन चेज को बतौर कप्तान अपने पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा. वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला केंसिंग्टन ओवल बारबाडोस में खेला गया, जहां उसे 159 रनों से हार का सामना करना पड़ा. एक समय वेस्टइंडीज की टीम मुकाबले में आगे चल रही थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की ओर से शानदार वापसी देखने को मिली. इस दौरान थर्ड अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक की ओर से कुछ विवादित फैसले भी देखने को मिले, जिन पर जमकर बवाल मचा. मुकाबले के बाद रोस्टन चेज ने भी अपनी भड़ास निकाली.

**रॉस्टन चेज ने उठाए अंपायर पर सवाल**


वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए इस मुकाबले में थर्ड अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक की ओर से कुल 5 ऐसे फैसले दिए गए जिन पर सवाल उठाए गए. इनमें से 4 फैसले वेस्टइंडीज की टीम के खिलाफ गए. जिसने मुकाबले के नतीजे में अहम भूमिका निभाई. एक फैसला को वेस्टइंडीज के कप्तान रॉस्टन चेज के खिलाफ भी था. दरअसल, खेल के दूसरे दिन रॉस्टन चेज पैट कमिंस की एख गेंद पर एलबीडब्लू आउट हो गए. लेकिन उन्होंने डीआरएस का इस्तेमाल किया.अल्ट्रा एज में भी जब गेंद बल्ले के पास से गई तो कुछ स्पाइक दिखी, इसके बावजूद अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया. इसके अलावा भी कई ऐसे फैसले देखने को मिले.

ऐसे में वेस्टइंडीज के नए कप्तान रॉस्टन चेज ने मुकाबले के बाद कहा, 'जब खिलाड़ी लाइन को क्रॉस करते हैं, तो हमें कठोर दंड दिया जाता है, कभी-कभी तो हमें बैन भी कर दिया जाता है. लेकिन अंपायर को कभी कुछ नहीं होता. उनके पास बस एक गलत फैसला, या संदिग्ध फैसला होता है, और जीवन बस चलता रहता है.' रोस्टन चेज के इस बयान के बाद क्रिकेट जगत में नई बहस छिड़ गई है. उन्होंने अंपायर्स की ओर से गलत फैसला दिए जाने पर सजा की मांग की है, जो क्रिकेट में अभी तक देखने को नहीं मिलता है.

**ऐसा रहा इस मुकाबले का हाल**

वेस्टइंडीज ने इस मुकाबले की धमाकेदार शुरुआत की थी. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 180 रनों पर ढेर कर दिया था. लेकिन वेस्टइंडीज भी अपनी पहली पारी में 190 रन ही बना सकी और 10 रनों की लीड हासिल की. हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में दमदार खेल दिखाया और 310 रन बनाए. ऐसे में वेस्टइंडीज को जीत के लिए 301 रनों का टारगेट मिला, लेकिन वह 141 रनों पर ही ढेर हो गई.

# संजय बांगर की बेटी अनाया बांगर ने बदला जीवन



**नई दिल्ली.** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर की बेटी अनाया बांगर सोशल मीडिया पर अपने फैंस के बीच काफी छाई रहती हैं. अनाया बांगर पहले एक लड़का थीं और उन्हें आर्यन बांगर के नाम से जाना जाता था. लेकिन यूके में हार्मोन ट्रांसप्लांट कराकर उन्होंने अपना जेंडर बदल लिया. अब वह एक ट्रांसजेंडर महिला हैं. वह एक प्रोफेशनल क्रिकेटर रही हैं. उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो शेयर किया है, जो काफी वायरल हो रहा है. इस वीडियो में वह क्रिकेट खेलती हुईं नजर आईं हैं.

अनाया बांगर ने अपने इंस्टाग्राम पर बैटिंग करते हुए एक वीडियो शेयर की है. इस वीडियो में उन्हें कमाल के फुटवर्क के साथ स्ट्रेट ड्राइव लगाते और डिफेंस करते देखा जा सकता है. इसके साथ साथ उन्होंने कुछ बड़े शॉट्स भी खेल. इस वीडियो के साथ उन्होंने एक खास कैप्शन भी लिखा. अनाया बांगर ने लिखा, 'वापस वहां, जहां से यह सब शुरू हुआ था.' अनाया बांगर का ये वीडियो देखते हुए देखते फैंस के बीच काफी वायरल हो गया है और फैंस उनकी बल्लेबाजी को काफी पसंद भी कर रहे हैं. अनाया बांगर जो पहले आर्यन बांगर के नाम से जानी जाती थीं, एक प्रोफेशनल क्रिकेटर रही हैं. उनके पिता संजय बांगर खुद एक पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच रहे हैं. उन्होंने ही अनाया बांगर को इस खेल की बारीकियां सिखाईं. अनाया ने अपने शुरुआती दिनों में मुंबई और लंकाशर के स्थानीय क्लबों में क्रिकेट खेला, जहां उन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा.

अनाया अंडर-16 में मुंबई के लिए यशस्वी जायसवाल के साथ भी क्रिकेट खेल चुकी हैं. उन्होंने सरफराज खान और मुशीर खान जैसे स्टार खिलाड़ियों के साथ भी खेला है.


हाल ही में अनाया बांगर ने मांग की थी कि बीसीसीआई और आईसीसी ट्रांस क्रिकेटरों को लेकर अपनी नीतियों पर फिर से विचार करें. मौजूदा समय में ट्रांसजेंडर क्रिकेटरों को महिला क्रिकेट में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं हैं. उन्होंने ट्रांसजेंडर एथलीट के रूप में अपनी जेंडर चेंज करने की जर्नी के बारे में बताते हुए ये मांग की थी. उन्होंने कहा था कि साइंस कहता है कि महिला क्रिकेट के लिए मैं योग्य हूं.


## आर प्रज्ञानंद ने जीता यूजेडशतरंज कप मास्टर्स 2025 का खिताब

**नई दिल्ली.** भारतीय शतरंज सनसनी आर प्रज्ञानंद ने वर्ष की अपनी शानदार जीत का सिलसिला जारी रखते हुए यूजेडशतरंज कप मास्टर्स 2025 में खिताब जीता, जो इस साल उनकी तीसरी प्रमुख क्लासिकल टूर्नामेंट जीत है। 19 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने असाधारण खेल और संयम का प्रदर्शन करते हुए खिताब हासिल किया। उन्होंने टूर्नामेंट के नौवें और अंतिम दौर में काले मोहरों के साथ स्थानीय जीएम नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि आर प्रज्ञानंद दो अन्य खिलाड़ियों, जावोखिर सिंडारोव और अब्दुसत्तोरोव के साथ शीर्ष स्थान पर बराबरी पर हैं, सभी ने नौ गेम के अंत में 5.5 अंक हासिल किए। चेन्नई के 19 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने टाईब्रेक मैचों के दो राउंड के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया, वे 3.5 अंकों के साथ अपने दो उज्बेकिस्तान प्रतिद्वंद्वियों से आगे रहे। सिंडारोव 3.0 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अब्दुसत्तोरोव टाईब्रेक राउंड में 2.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस साल की शुरुआत में नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट और रोमानिया में ग्रैंड शतरंज टूर सुपरबेट क्लासिक जीतने वाले आर प्रज्ञानंदने इस सीजन का अपना तीसरा क्लासिकल खिताब जीता।

# तन्वी ने मलेशियाई खिलाड़ी को हराया

**नई दिल्ली.** उभरते भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इन युवा शटलर ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। 16 वर्षीय तन्वी ने सीधे गेम में उच्च रैंकिंग वाली मलेशियाई खिलाड़ी





करुपथेवन लेत्शाना के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। तन्वी ने 33 मिनट तक चले इस मुकाबले को 21-13, 21-16 से अपने नाम किया। वहीं, दूसरी ओर आयुष ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर विश्व चैंपियन चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली।

सेमीफाइनल में तन्वी का सामना यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की सुंग शुओ-युन को हराकर उलटफेर किया है। यह तन्वी का 'बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300' इवेंट में पहला सेमीफाइनल है। इस बीच, आयुष शीर्ष वरीयता प्राप्त चोउ टिएन-चेन से भिड़ने के लिए तैयार हैं। चोउ टिएन-चेन एक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी हैं, जिसने उन्हें ताइपे ओपन में हराया था। आगे की कड़ी चुनौती के बावजूद, आयुष 2025 के एक मजबूत अभियान से हौसला बढ़ा सकते हैं, जिसमें 'ऑरलियन्स मास्टर्स' और 'ताइपे ओपन' दोनों में सेमीफाइनल फिनिश शामिल है। इससे पहले, तन्वी ने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की पिचामोन ओपटनीपुथ को सीधे गेमों में 21-18, 21-16 से हराया था। पिचामोन ओपटनीपुथ दुनिया की 58वें नंबर की खिलाड़ी हैं, जिन्होंने साल 2023 की जूनियर विश्व चैंपियनशिप अपने नाम की थी।

# पृथ्वी शॉ की वापसी की जिद




**नई दिल्ली.** मुंबई के युवा और प्रतिभाशाली क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के लिए पिछले कुछ साल काफी खराब रहे हैं. एक समय भारतीय क्रिकेट के फ्यूचर माने जाने वाले पृथ्वी शॉ अब घरेलू क्रिकेट में भी रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं. इस बार तो उन्हें आईपीएल में भी खेलने का मौका नहीं मिला था. लेकिन पृथ्वी शॉ अब बुरी आदतों को छोड़कर आगे बढ़ना चाहते हैं और एक बार फिर टीम इंडिया के लिए खेलना चाहते हैं. उन्होंने हाल ही में दिये एक इंटरव्यू में अपने करियर को लेकर खुलकर बात की और अपनी एक बड़ी इच्छा जाहिर की.

**पृथ्वी शॉ ने बताई अपनी दिली तमन्ना :** पृथ्वी शॉ ने हाल ही में अपनी एक बड़ी इच्छा जाहिर की है. उन्होंने कहा कि उनका सपना भारत के लिए न केवल वनडे बल्कि टी20 वर्ल्ड कप भी जीतना है. शॉ ने यह भी बताया कि आने वाला वर्ल्ड कप मेरे दिमाग में है. खास बात यह है कि वह अपने बचपन के दोस्त और सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर के साथ खेलते हुए इस सपने को साकार करना चाहते हैं. पृथ्वी शॉ और अर्जुन तेंदुलकर की दोस्ती बचपन से ही मशहूर है. दोनों एक साथ क्रिकेट की बारीकियों को सीखते हुए बड़े हुए हैं. हाल ही में दिये इंटरव्यू में जब पृथ्वी शॉ से पूछा गया कि क्या वह खुद को और अर्जुन तेंदुलकर को भारत के लिए खेलते हुए देखते हैं, जिसमें शॉ बल्लेबाजी की शुरुआत करेंगे और अर्जुन गेंदबाजी की शुरुआत करेंगे. तो उन्होंने कहा, 'बिल्कुल. क्यों नहीं?' इसके अलावा उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य वर्ल्ड कप जीतना है. मेरा लक्ष्य भारत के लिए वर्ल्ड कप जीतना है. वनडे और टी20 दोनों वर्ल्ड कप. अगला वर्ल्ड कप मेरे दिमाग में है. मैं खुद को अर्जुन तेंदुलकर के साथ खेलते हुए भी देखता हूं.

**पृथ्वी शॉ ने मानी अपनी गलती :** पृथ्वी शॉ ने इस दौरान अपने करियर की गिरावट के लिए अपनी गलतियों को स्वीकार किया. उन्होंने कहा कि मैंने जिंदगी में काफी गलत फैसले लिए हैं. मैंने क्रिकेट को कम समय देना शुरू कर दिया था. एक समय मैं काफी प्रैक्टिस करता था. मैं मानता हूं कि ध्यान भटका है. मैंने कुछ गलत दोस्त बनाए. वह मुझे इधर-उधर ले गए.

# हरप्रीत बराड़ भी टीम इंडिया के नेट्स सेशन में शामिल



**लंदन.** लीड्स टेस्ट में मिली हार के बाद टीम इंडिया ने अगले मुकाबले में इंग्लैंड को करारा जवाब देने के लिए कमर कस ली है. बर्मिंघम के एजबेस्टन में 2 जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से पहले मिले ब्रेक में आराम करने के बजाए भारतीय खिलाड़ी जमकर पसीना बहा रहे हैं. टीम इंडिया का हर खिलाड़ी पूरा जोर लगाकर खुद को अगले टेस्ट की चुनौती के लिए तैयार कर रहा है. इस तैयारी में एक ऐसा खिलाड़ी भी मदद कर रहा है, जिसका इस सीरीज के लिए सेलेक्शन ही नहीं हुआ था और अब वो अचानक भारतीय टीम की प्रैक्टिस का हिस्सा बन गया है. ये खिलाड़ी हैं बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़. टीम इंडिया ने एजबेस्टन में पहुंचने के साथ ही दूसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी. शनिवार 28 जून को प्रैक्टिस के दूसरे दिन एक ऐसा नजारा दिखा, जिसने चौंका दिया. टीम इंडिया के नेट्स सेशन के दौरान स्क्वॉड के सभी खिलाड़ियों के अलावा बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ भी गेंदबाजी करते हुए देखे गए. ये इसलिए चौंकाने वाला नजारा था क्योंकि बराड़ इस दौरे के लिए टीम इंडिया का हिस्सा नहीं थे. यहां तक कि वो इससे पहले लीड्स टेस्ट की तैयारियों के दौरान भी नजर नहीं आए थे.एजबेस्टन में टीम इंडिया की प्रैक्टिस कवर कर रहे स्वतंत्र पत्रकार संदीपन बनर्जी ने टीम इंडिया की प्रैक्टिस का ये वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट किया है.

इसमें दिख रहा है कि ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर के साथ ही बराड़ भी नेट्स में गेंदबाजी कर रहे हैं. हालांकि, इसमें एक फर्क ये भी दिखा कि जहां बाकी सभी खिलाड़ियों ने टीम इंडिया की ट्रेनिंग जर्सी पहनी हुई थी, वहीं बराड़ ऐसे किट में नहीं थे. इससे साफ है कि वो एजबेस्टन टेस्ट से पहले ही अचानक इस प्रैक्टिस में टीम का हिस्सा बने हैं.

# कांटा लगा' फेम शेफाली की मौत



## कार्डिएक अरेस्ट बनी वजह

कांटा लगा गर्ल यानी शेफाली जरीवाला हार्ट अटैक के चलते अब इस दुनिया को छोड़कर जा चुकी हैं. 27 जून को मुंबई में उनका निधन हो गया. बीती रात सीने में दर्द की शिकायत के बाद एक्ट्रेस के पति पराग त्यागी उन्हें अंधेरी के बेलेव्यू मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. शेफाली का यूं अचानक चले जाना, उनके परिवार को तोड़ गया है.



वहीं टीवी इंडस्ट्री भी पूरी तरह से सदमे में हैं. एक्ट्रेस अपनी निजी जिंदगी को काफी प्राइवेट रखा करती थीं. हालांकि अपने पति पराग से वह बेहद प्यार करती थीं और सरेआम उनके लिए अपना प्यार भी जाहिर करती थीं. पराग त्यागी के इस वक्त लगातार एक के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं. जहां वह अपनी अपनी पत्नी के निधन से टूटे हुए नजर आ रहे हैं. शेफाली और पराग अपने खूबसूरत रिश्ते के लिए जाने जाते थे. दोनों को अक्सर एक साथ देखा जाता था. रिपोर्ट्स के मुताबिक शेफाली और हरमीत की पहली शादी ज्यादा दिन नहीं चली. 2009 में उनका तलाक हो गया.शेफाली ने हरमीत के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई. उन्होंने यह भी कहा कि उनके ज्वाइंट बैंक अकाउंट से करीब 12 लाख रुपये निकाल लिए थे.शेफाली विटामिन सी और ग्लूटाथिओन नाम की दवाइयां ले रही थीं. ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इन्हीं दवाइयों का असर उनके हार्ट पर हुआ? डॉक्टर ने इस सवाल का भी जवाब दिया है और कहा कि इन दवाइयों का असर हार्ट पर नहीं बल्कि स्किन पर ही होता है. ये दवाइयां स्किन फेयरनेस के लिए ली जाती हैं. इन दवाओं को हार्ट से कोई संबंध नहीं है. ये भी पता चला है कि शेफाली तकरीबन 15 साल तक एपिलेप्सी (मिर्गी) से पीड़ित रही थीं. हालांकि, अब उनकी मौत की असल वजह क्या है, इसका पता तो पोस्टमार्ट रिपोर्ट सामने आने और पुलिस की जांच के बाद ही चलेगा.

# बीच पर बिकिनी में नजर आईं श्वेता

42 साल की श्वेता तिवारी को आए दिन ये सुनने को मिलता है कि वो बेहद फिट और खूबसूरत हैं. श्वेता के काम से ज्यादा चर्चे उनके खूबसूरती के होते रहते हैं. दो शादी और दो तलाक के बाद एक्ट्रेस अपने बच्चों और काम पर पूरा फोकस रखती हैं. इन दिनों श्वेता वेकेशन इंजॉय कर रही हैं.श्वेता तिवारी अक्सर वक्त निकालकर अपने बच्चों के साथ छुट्टियां मनाने जाती हैं. श्वेता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट अपने वेकेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो बीच पर बिकिनी पहने हुए नजर आ रही हैं.



श्वेता तिवारी अक्सर वक्त निकालकर अपने बच्चों के साथ छुट्टियां मनाने जाती हैं. श्वेता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट अपने वेकेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो बीच पर बिकिनी पहने हुए नजर आ रही हैं. श्वेता तिवारी अक्सर वक्त निकालकर अपने बच्चों के साथ छुट्टियां मनाने जाती हैं. श्वेता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट अपने वेकेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो बीच पर बिकिनी पहने हुए नजर आ रही हैं.

श्वेता तिवारी की तस्वीरों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वो किसी रिजॉर्ट में हैं. जहां वह अपने साथ अपने बेटे को लेकर पहुंची हैं. श्वेता अपने बेटे को अपना पूरा समय देने की कोशिश करती हैं. वो अपने बेटे के लिए माता-पिता दोनों बनना चाहती हैं.

श्वेता तिवारी की तस्वीरों पर फैन्स कमेंट करते हुए नहीं थक रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, बेटी ये ज्यादा आप खूबसूरत हो. वहीं एक यूजर ने लिखा, आपने तो अमृत ही पी लिया है. एक और यूजर ने लिखा, 10 साल पुरानी फोटोज क्यों डाल रहे हो? टीवी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं. उन्हें बीते साल वेब सीरीज और मल्टीस्टारर फिल्म सिंघम अगेन में भी देखा गया था. अब फैन्स श्वेता के अगले प्रोजेक्ट का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं. एक्ट्रेस का काम उनके फैन्स को काफी पसंद है.

# प्रेग्नेंसी की खबर से घबराया डायरेक्टर

## मंदाना के अबॉर्शन का बना डाला प्लान



बॉलीवुड की एक ऐसी ही एक्ट्रेस है जिसने शादी की तो उसके पति ने धोखा दिया. तलाक के बाद फिर प्यार हुआ तो बॉयफ्रेंड ने धोखा दिया. शादी टूटने के बाद मंदाना करीमी ने बॉलीवुड के एक टॉप डायरेक्टर को डेट किया था. उसके बाद उनका मर्दों पर से भरोसा उठ गया. कुछ ही महीनों में मंदाना उस शख्स को बेइंतहा प्यार करने लगी थी और उसके साथ घर बसाने तक की प्लानिंग कर रही थीं. मंदाना ने बताया कि वो उस डायरेक्टर के बच्चे की मां बनने वाली थी. लेकिन जब उन्होंने ये बात उसे बताई तो जवाब सुन हैरान रह गई.

डायरेक्टर ने मंदाना से कहा कि उनका पहले से ही एक बच्चा है. ऐसे में मानसिक और इमोशनल तौर पर वो इस बच्चे की जिम्मेदारी नहीं ले सकते. एक्ट्रेस ने कहा कि प्रेग्नेंसी हमने साथ में प्लान की थी. लेकिन, जब इस बारे में बताया तो उसने कहा कि मुझे नहीं पता था 33 की उम्र में तुम इतनी जल्दी प्रेग्नेंट हो जाओगी. मंदाना ने बताया कि उसने मेरे फ्रेंड्स को मेरे अबॉर्शन के लिए कन्विन्स करने का पूरा प्लान बनाया था. मैंने अपने दोस्तों से माफी मांगी और घर आ गई.

घर वापस आने पर उसने कहा कि तुम्हें समझना चाहिए मेरे खिलाफ पब्लिक केस चल रहा है. एक्ट्रेस ने इसके बाद अबॉर्शन का फैसला लिया.

# लूलिया वंतूर ने 'इकोज ऑफ अस' से किया इंटरनेशनल डेब्यू



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने लूलिया वंतूर को उनकी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म 'इकोज ऑफ अस' के लिए खास अंदाज में शुभकामनाएं दी हैं। सलमान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर करते हुए सपोर्ट का संदेश लिखा है।

सुपरस्टार सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 47 सेकंड का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें लूलिया की शॉर्ट फिल्म की झलक दिखाई गई है। वीडियो के साथ उन्होंने पूरी टीम को शुभकामनाएं भी दीं। सलमान के इस कदम से दोनों के बीच रिश्तों को लेकर अटकलें फिर से तेज हो गई हैं।


इकोज ऑफ अस एक शॉर्ट फिल्म है जो लूलिया वंतूर की अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू है। इसका निर्देशन जो राजन ने किया है और इसमें दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेजांद्रा वेलन मेरेडिज भी हैं। इस फिल्म का निर्माण अभिनेत्री पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया है।

फिल्म के बारे में लूलिया वंतूर ने बताया, ₹मैं इकोज ऑफ अस के साथ अभिनय की दुनिया में कदम रखने को लेकर रोमांचित हूं। मेरा किरदार मेरे दिल के बहुत करीब है और मैं इससे एक खास जुड़ाव महसूस करती हूं। दीपक तिजोरी बहुत ही दयालु और अच्छे इंसान हैं, उनके साथ और जो राजन के निर्देशन में काम करना एक बहुत ही खास अनुभव होने वाला है। मैं थोड़ी नर्वस हूं, लेकिन दर्शकों की प्रतिक्रिया को लेकर काफी उत्साहित भी हूं। इकोज ऑफ अस एक शॉर्ट फिल्म है जो लूलिया वंतूर की अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू है। इसका निर्देशन जो राजन ने किया है और इसमें दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेजांद्रा वेलन मेरेडिज भी हैं। इस फिल्म का निर्माण अभिनेत्री पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया है।

फिल्म के बारे में लूलिया वंतूर ने बताया, ₹मैं इकोज ऑफ अस के साथ अभिनय की दुनिया में कदम रखने को लेकर रोमांचित हूं। मेरा किरदार मेरे दिल के बहुत करीब है और मैं इससे एक खास जुड़ाव महसूस करती हूं। दीपक तिजोरी बहुत ही दयालु और अच्छे इंसान हैं, उनके साथ और जो राजन के निर्देशन में काम करना एक बहुत ही खास अनुभव होने वाला है। मैं थोड़ी नर्वस हूं, लेकिन दर्शकों की प्रतिक्रिया को लेकर काफी उत्साहित भी हूं।

# कुणाल वर्मा और पूजा बनर्जी के खिलाफ दर्ज हुआ केस

टीवी एक्ट्रेस पूजा बनर्जी और कुणाल वर्मा पिछले काफी दिनों से विवादों में घिरे नजर आ रहे हैं. इस स्टार कपल पर किडनैपिंग और पैसे ऐंठने का गंभीर आरोप लगा है. दोनों ही छोटे पर्दे के मशहूर स्टार हैं. गोवा की कलांगुट पुलिस ने दो मशहूर टीवी कलाकारों, कुणाल वर्मा, पूजा बनर्जी (जो पूजा बोस के नाम से भी जानी जाती हैं), और पीयूष कोठारी समेत कुछ और लोगों पर केस दर्ज किया है. इन पर एक आदमी को किडनैप करने और 23 लाख रुपये मांगने का बड़ा आरोप है.



शिकायत कोलकाता की रहने वाली मालविका डे ने की है. उनके पति श्याम सुंदर डे टीवी सीरियल बनाते हैं. मालविका ने बताया कि उनके पति को किडनैप करने और उनसे जबरन पैसे ऐंठने की साजिश रची गई थी. ये घटना 31 मई से 4 जून के बीच हुई थी. पुलिस की जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने श्याम सुंदर डे को तब रोका जब वे अपने साथियों के साथ एक किराए की गाड़ी में जा रहे थे. उनपर आरोप है कि उन्होंने श्री डे को जबरदस्ती गाड़ी से निकाल लिया और किडनैप कर लिया. शिकायत में यह भी लिखा है कि आरोपियों ने श्री डे को अंजुना के एक होटल और सालगांव के एक विला में बंद करके रखा था. कलांगुट पुलिस ने गुरुवार को इस मामले का केस दर्ज किया और अब इसकी जांच कर रही है. इस जांच की जिम्मेदारी सब-इंस्पेक्टर विशाल मांदरेकर को दी गई है. टीवी के जाने-माने लोगों का ऐसे अपराध में फंसना सबको हैरान कर रहा है. जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, और जानकारी सामने आएगी. वहीं पूजा बनर्जी ने इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट भी शेयर किया है.

नोट में पूजा ने लिखा है- इस समय हम अपनी लाइफ के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं. इस मुश्किल समय में जो लोग हमारे साथ खड़े हैं हम हमेशा उनके तहे दिल से आभारी रहेंगे. जो लोग हमारे विरुद्ध फैलाए गए झूठ पर विश्वास कर रहे हैं. भगवान उनका भी भला करें. मैं भगवान पर विश्वास करती हूं और ईश्वर सब देख रहा है. अब सच्चाई क्या है ये तो भविष्य में ही पता चलेगा. फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है जल्द ही सच सभी के सामने आएगा.

# 20 घंटे दर्द सहन कर दिया मरे हुए बच्चे को जन्म

टीवी इंडस्ट्री की एक पॉपुलर एक्ट्रेस ने प्रेग्नेंसी के दौरान काफी कुछ सहन किया जो काफी दर्दनाक था. एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने खुलासा किया था. ये हसीना कोई और नहीं बल्कि ये रिश्ता क्या कहलाता है फेम करण मेहरा की एक्स वाइफ निशा रावल हैं. जो खुद भी कई सीरियल में काम कर चुकी हैं. एक्ट्रेस नए एक बार बताया था कि वो पांच महीने प्रेग्नेंट थीं, उसी दौरान उन्हें अबॉर्शन करवाना पड़ गया था.एक्ट्रेस ने बताया कि इसके लिए वो अकेली गई थीं.



निशा ने कहा कि उनके साथ कोई नहीं था. बच्चे के दिल में तीन छेद थे और एक से ज्यादा क्रोमोसोम था. एक्ट्रेस ने कहा कि 20 घंटे लेबर पेन के बाद मैंने बच्चे को जन्म दिया जो जिंदा ही नहीं था. मुझे बस ये पछतावा था कि मैंने बच्चे को नहीं देखा.एक्ट्रेस ने कहा कि अबॉर्शन होने के बाद भी उनके पति करण मेहरा उन्हें मारते थे. एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वो अपने बच्चे के लिए करण जैसा पिता बिल्कुल भी नहीं चाहती हैं. एक्ट्रेस ने कहा कि इन सबके दौरान उन्हें बाइलोपर डिसऑर्डर हो गया था. इस दौरान उनके पति ने खुद को उनसे बिल्कुल अलग कर लिया था.

# अश्लील कपड़ों में एक्ट्रेस को देख भड़कीं फलक नाज

एक्ट्रेस खुशी मुखर्जी अक्सर ओवर रिवीलिंग ड्रेसेस पहने नजर आती हैं. ऐसे में बिग बॉस ओटीटी फेम फलक नाज ने एक बार फिर उन्हें खरी खोटी सुना दी है. फलक उन्हें कवर करने वाले पैपराजी पर भी भड़कती नजर आई हैं. एक्ट्रेस ने सरकार से भी सवाल किया है कि अगर स्ट्रे डॉग्स को खाना खिलाना गलत है, तो क्या इस तरह के अश्लील कपड़े पहनना सही है?



फलक नाज ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें खुशी मुखर्जी ब्लैक कलर के रिवीलिंग आउटफिट में अपना प्राइवेट पार्ट कवर करती नजर आ रही हैं. वीडियो में फलक कहती हैं- 'पिछली बार जैसा कि आप सबको याद होगा कि मैंने दीदी के ऊपर एक वीडियो बनाया था. अब यहां पर न बात दीदी से बहुत ज्यादा आगे जा चुकी है.'

फलक नाज ने आगे कहा- 'ये अब किसी एक्सवायज़ेड इंसान को लेकर नहीं है. ये कुछ ऐसा है जो मैं सरकार से पूछना चाहती हूं जो मुझे जानना है कि स्ट्रे ग्स पर इतना ऊधम मच जाता है कि जुर्माना है, हम उन्हें खाना नहीं खिला सकते. 50 चीजें हो जाती हैं, लोग सवाल उठाते हैं. मुझे ये समझाइए, प्लीज समझाइए कि इस तरह से सड़क पर, ऐसे कपड़े, आज जो वीडियो वायरल हो रहा है, आज दीदी क्या पहनकर निकली हैं. अब ये बात दीदी के बारे में नहीं है. अब ये कुछ ऐसा है जो स्वीकार करने के काबिल नहीं है.एक्ट्रेस कहती हैं- 'अगर आप सोसाइटी में रह रहे हैं, इस तरह का कुछ पहनकर सड़क पर निकल रहे हैं, तो सरकार उसपर ऐतराज क्यों नहीं कर रही है? ऐसी मीडिया पर जो इन्हें कवर कर रही है और ऐसे लोगों पर जो कवर हो रहे हैं, इन पर कोई जुर्माना क्यों नहीं है? मुझे ये जानना है. तो जितने लोग यहां बैठे हुए है, प्लीज ऑथोरिटी को टैग किए और मैं जवाब जानना चाहती हूं कि क्या ये सही है? और अगर ये सही है न तो ब्रो स्ट्रे डॉग्स को खाना खिलाने में फिर कोई आवाज ना उठाए.

# इलियाना डिक्रूज ने बेटे को जन्म दिया

बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज एक बार फिर मां बन गई हैं। पिछले दिनों उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, उनके बेबी बंप को देखकर कई लोगों ने अंदाजा लगाया था कि वो प्रेग्नेंट हैं। अब उन्होंने खुद इस खबर की पुष्टि की है और सोशल मीडिया पर अपने दूसरे बच्चे के जन्म की जानकारी शेयर की है।



इस खुशखबरी के बाद उन्हें फैन्स और फिल्म इंडस्ट्री के लोगों से बधाइयां मिलनी शुरू हो गई हैं।अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज ने 28 जून 2025 को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर बताया कि वह और उनके पति माइकल डोलन दूसरी बार माता-पिता बन गए हैं। उन्होंने अपने बेटे की एक ब्लैक एंड व्हाइट फोटो शेयर की और लिखा, 'कीनू राफे डोलन से मिलिए, जिसका जन्म 19 जून 2025 को हुआ था। अभिनेत्री ने कुछ घंटे पहले ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटे के जन्म की घोषणा की। अभिनेत्री की इस पोस्ट को जल्द ही ढेर सारा प्यार और शुभकामनाएं मिलीं। कई लोगों ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें इलियाना की प्रेग्नेंसी के बारे में पता ही नहीं था।

# पहली बार हॉरर फिल्म में दिखीं काजोल

काजोल बड़े पर्दे पर लगभग 3 साल के बाद वापस लौटी हैं, जो कि उनके फैंस के लिए काफी खुशी का मौका है. 27 जून, 2025 को काजोल की फिल्म 'मां' ने सिनेमाघरों में दस्तक दी है, जिसको लेकर एक्ट्रेस की काफी तारीफ की जा रही है. हालांकि, तारीफों को बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के साथ देखें, तो जिस हिसाब का लोगों का रिएक्शन सामने आ रहा है, उस हिसाब से फिल्म के पहले दिन की कमाई बहुत खास नहीं है. लेकिन, काजोल की पिछली फिल्म के मुताबिक, इस फिल्म ने अच्छी शुरुआत की है.

विशाल फुरिया की डायरेक्शन में बनी फिल्म 'मां' एक माइथोलॉजिकल हॉरर फिल्म है. हालांकि, इस फिल्म से पहले काजोल इस तरह की किसी भी फिल्म में नजर नहीं आई हैं. एक्ट्रेस के फैंस उन्हें इस तरह की फिल्म में देखने के लिए काफी बेताब भी थे. इस फिल्म में काजोल ने अंबिका नाम की औरत का किरदार निभाया है, जो कि एक क्रूर 'मां' हैं. काजोल का किरदार ऐसा है, जो अपनी बेटी को अनजानी ताकतों से बचाने के लिए कुछ भी कर सकती हैं.




'मां' के पहले दिन के कलेक्शन के बारे में बात करें, तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म ने पहले दिन 4.50 करोड़ रुपए की कमाई की है. फिल्म के बजट की बात करें, तो वो अभी सामने नहीं आया है. हालांकि, दर्शकों के सोशल मीडिया पर मिल रहे रिएक्शन को देखते हुए वीकेंड पर फिल्म की कमाई बढ़ने की उम्मीद की जा सकती है. फिल्म में काजोल के अलावा इंद्रनील सेनगुप्ता, जितिन गुलाटी और खेरिन शर्मा जैसे एक्टर्स शामिल हैं.

काजोल की फिल्म 'मां' को अजय देवगन, ज्योति देशपांडे और कुमार मंगत पाठक ने प्रोड्यूस किया है. इस फिल्म के साथ ही साथ सिनेमाघरों में साउथ की फिल्म कनप्पा भी रिलीज हुई है. आने वाले दिनों में दोनों फिल्मों का टकराव देखना काफी मजेदार होने वाला है. इस फिल्म से पहले काजोल साल 2022 में 'सलाम वेंकी' में नजर आई थीं. हालांकि, ये फिल्म काफी बुरी तरह से फ्लॉप हुई थी. इस फिल्म ने कुल 2.42 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था